
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



रिहाना की बॉडी शेमिंग पर .......



रश्मिका दुल्हन के जोड़े में लगीं खूबसूरत....

वर्ष : 12 | अंक : 68 | लखनऊ, 01 मार्च, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## पीएम मोदी ने अजमेर में किया एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

# सरकार सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध ये नारीशक्ति को सशक्त करने में होगा अहम



अभियान का लक्ष्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 साल की लगभग 1.15 करोड़ लड़कियों को टीका लगाना

कार्यक्रम का लक्ष्य 1.15 करोड़ लड़कियों को टीका

इस अवसर पर 5 लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीका लगाया गया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर से सर्विकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 5 लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीका लगाया गया। इस अभियान का लक्ष्य हर साल सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 साल की लगभग 1.15 करोड़ लड़कियों को टीका लगाना है। टीका तय सरकारी हेल्थ सेंटर पर मुफ्त में दी जाएगी। एचपीवी टीकाकरण के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान के शुभारंभ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। पीएम मोदी ने कहा कि अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ कई परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और युवाओं को नियुक्ति पत्रों के वितरण का सौभाग्य मिला है।



एचवीपी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री मोदी

### भाजपा सरकार में महिलाओं को संबल दिया जा रहा

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि परिवार में जब मां बीमार होती है, तो घर बिखर सा जाता है। अगर मां स्वस्थ है, तो परिवार हर संकट का सामना करने में सक्षम रहता है। इसी भाव से भाजपा सरकार में महिलाओं को संबल देने वाली अनेक योजनाएं चलाई हैं।

### महिलाओं के लिए मिशन मोड में काम हो रहा

पीएम मोदी ने कहा कि हमने 2014 से पहले का वो दौर देखा है, जिसमें शौचालय के अभाव में बहनों-बेटियों को कितनी पीड़ा और अपमान झेलना पड़ता था। बच्चियां स्कूल छोड़ देती थी, क्योंकि वहां अलग टॉयलेट की सुविधा नहीं होती थी। पहले जो सत्ता में रहे, उनके लिए ये छोटी बातें थी, इसलिए इन समस्याओं की चर्चा तक नहीं होती थी। हमारे लिए ये बहन-बेटियों को बीमार करने वाला, उनके अपमान से जुड़ा संवेदनशील मसला था। इसलिए इनका मिशन मोड पर समाधान किया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान कुपोषण माताओं के जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा होता था।

### गुजरात में माइक्रोन टेक्नोलॉजी सेमीकंडक्टर असेंबली की शुरुआत

पीएम मोदी ने गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (एटीएमपी) संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने सभा को संबोधित किया। यह उद्घाटन भारत के सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि है। एटीएमपी संयंत्र से भारत में निर्मित पहले सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल का वाणिज्यिक उत्पादन और शिपमेंट शुरू हो गया है।

### दुनिया के सबसे बड़े संयंत्रों में से एक होगा

साणंद संयंत्र पूरी तरह से चालू हो जाने पर लगभग 5 लाख वर्ग फीट का क्लीनरूम क्षेत्र उपलब्ध होगा और यहां दुनिया के सबसे बड़े रेज्ड-फ्लोर क्लीनरूम में से एक बन जाएगा। साणंद एटीएमपी संयंत्र माइक्रोन के वैश्विक विनिर्माण नेटवर्क से उन्नत डायनेमिक रैंडम एक्सेस मेमोरी (डीआरएएम) और नैंड सेमीकंडक्टर वेफर्स को तैयार मेमोरी और स्टोरेज उत्पादों में परिवर्तित करेगा।

### पीएम आज तमिलनाडु और पुडुचेरी में अहम परियोजनाएं शुरू करेंगे

प्रधानमंत्री रविवा को पुडुचेरी में 2,700 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर वे एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।इसके बाद वे मदुरै में दोपहर लगभग 3:00 बजे वे 4,400 करोड़ से अधिक की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## साइंस-डे पर बोले प्रधानमंत्री

# ज्ञान विज्ञान से जुड़े तो संकटों से मुक्ति पाना होगा आसान

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को नेशनल साइंस डे पर कहा कि जब ज्ञान विज्ञान के साथ जुड़ता है तो संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जब ज्ञान विज्ञान के साथ जुड़ता है, तो जब ज्ञान और विज्ञान से हमारा परिचय होता है, तो संसार की सभी समस्याओं और संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। उन्होंने कहा कि समाधान का, विकास का और नवाचार का आधार विज्ञान ही है। पीएम ने कहा कि आज नेशनल साइंस डे सीवी रमन की रमन इफ़ेक्ट खोज को समर्पित है। यह खोज बड़ी अहम रही।



### विज्ञान का उपयोग लोगों की भलाई के लिए हो

प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि नेशनल साइंस डे पर हम रिसर्च, इनोवेशन और साइंटिफिक जिज्ञासा की भावना का जश्न मनाते हैं जो हमारे देश को आगे बढ़ाती है। यह दिन सर सीवी रमन की रमन इफ़ेक्ट की अहम खोज की याद में मनाया जाता है। इस खोज ने भारतीय रिसर्च को दुनिया भर में मजबूती से जगह दिलाई। हम अपने युवाओं को मजबूत बनाने पर काम कर रहे।

## एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेस पर हमला बोला

# हार से थक चुकी कांग्रेस अब देश को बदनाम करने में जुटी

### अब तो वह मुस्लिम लीगी-माओवादी कांग्रेस बनी

प्रधानमंत्री ने एआई इंपैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। पूरे देश में हार रही कांग्रेस भारत को बदनाम कर रही है। कांग्रेस अब 'मुस्लिम लीगी-माओवादी कांग्रेस' बन गई। है।

### 'कभी वह इंडियन नेशनल कांग्रेस थी'

प्रधानमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा, 'कभी कांग्रेस इंडियन नेशनल कांग्रेस थी लेकिन अब आईएनसी नहीं बची है... इंडियन नेशनल कांग्रेस नहीं बची है... आज वो आईएनसी के बजाए एमएमसी बन गई है। एमएमसी यानी मुस्लिम लीग - माओवादी कांग्रेस हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### यूपी में महिला जज के पिता का मर्डर


मुरादाबाद। यहां के नागफनी थाने के बंगला गांव चौराहे पर शुक्रवार को बुलंदशहर में एडिशनल



सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर तैनात आसमा सुल्ताना के पिता और शहर की मशहूर अलवीना बेकरी के संचालक मो. असद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड को मो. असद के हिस्ट्रीशीटर साले जफर ने अंजाम दिया है।

### शेट्टी फायरिंग मामले में अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन


मुंबई। फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई वाले घर पर फायरिंग मामले में जांच जारी है। इस मामले



में मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़े सुराग लग रहे हैं। मामले में क्राइम ब्रांच ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि शूटर्स को मोटी रकम दी गई थी। वारदात को अंजाम देने एटीएम के जरिए फंडिंग पड़ोसी देश नेपाल से हुई थी। इसके लिए मुंबई क्राइम ब्रांच जांच कर रही है।

### केजीएमयू के डॉक्टर के खिलाफ चार्जशीट पेश

लखनऊ। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटीमें महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म, गर्भपात और मतांतरण



के मामले में चौक पुलिस ने मुख्य आरोपित डॉ. रमीजुद्दीन नायक, उसके मां-बाप व सहयोगी के खिलाफ 800पन्नों से अधिक की चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने 2 पीड़िताओं के बयान शामिल किए हैं। उसके पास से 3 लैपटाप से 4हजार जीबी डाटा भी मिला है।

### राज्यसभा चुनाव से पहले एमवीए में 'तनातनी'


मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा सियासी संग्राम छिड़ गया है। राज्यसभा की सात सीटों में



से एक सीट और उसी एक सीट नेएमवीए की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस, राष्ट्रवादी (शरद गुट) और उद्धव सेना तीनों ही दल इस सीट पर दावा ठोक रहे हैं। कई दौर की बातचीत के बाद कोई फैसला नहीं हो पाया है अपितु घमासान बढ़ गया है।

### दुराचार का आरोप पुरुष पर, पालक पर नहीं होगा

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने हाल ही में एक महिला की याचिका खारिज कर दी। महिला ने



मांग की थी कि जिस व्यक्ति पर उसने शादी का झूठा वादा करके बलात्कार करने का आरोप लगाया है, उसके माता-पिता और दादी पर भी मुकदमा चलाया जाए। महिला का कहना था कि उस व्यक्ति के परिवार वालों पर भी केस चले, लेकिन कोर्ट ने नकार दिया।

## निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का प्रकाशन किया शुरू

# बंगाल में एसआईआर के बाद 5.46 लाख कटे व 1.82 लाख वोटर जुड़े

### बांकुरा में 1.35 लाख नाम हटने की चर्चा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

निर्वाचन आयोग ने बंगाल में एसआईआर के बाद की मतदाता सूचियों को शनिवार को चरणबद्ध



तरीके से प्रकाशित करना शुरू कर दिया। बांकुरा जैसे कुछ जिलों में मतदाता सूची पोर्टल और मोबाइल एप पर उपलब्ध नहीं कराई गई है। बांकुरा से 1.35 लाख से अधिक नाम हटाए गए होंगे। प्रकाशन से 7.08 करोड़ मतदाताओं को 'स्वीकृत', 'हटाए गए'। या 'विचाराधीन' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। 58 लाख की गणना जारी है।

### 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ हुए वोटर

बंगाल में एसआईआर पूरा करने और अंतिम लेकिन अपूर्ण सूची प्रकाशित करने में 116 दिन लगे। मसौदा मतदाता सूची 16 दिसंबर को प्रकाशित हुई थी जिसके अनुसार मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गई है। मसौदा मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे, फिर अपील सुनी गई।

## ममता का महिला सुरक्षा पर जोर

### कोलकाता में पिंक बूथ और शाइनिंग पेट्रोलिंग बनाने का किया ऐलान

बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने आगामी चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने



कोलकाता पुलिस की दो नई पहलों की घोषणा की है। सीएम ने एक्स पर बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर ऑल-वुमन पिंक बूथ स्थापित किए जाएंगे, जो शाम से लेकर आधी रात तक संचालित रहेंगे। इन पर तैनात महिला पुलिसकर्मी सीधे तौर पर महिलाओं की सहायता और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगी। इनके जरिए शहर की महिलाएं जरूरत पड़ने पर सीधे महिला अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगी।

## द्वारकाधीश में रंगों से सराबोर लोग



मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में द्वारकाधीश मंदिर में शुक्रवार को होली के त्योहार से पहले लोग रंगों से जश्न मनाते हुए।

## बरनाला में राहुल ने कांग्रेस नेताओं को दिया बड़ा अल्टीमेटम

# आप टीम वर्क का काम करें वरना रिजर्व में चले जाएंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक किसान महाचौपाल को संबोधित करते हुए पंजाब के बरनाला से केंद्र की मोदी सरकार पर करारे हमले किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को टीम वर्क का मंत्र भी दिया।

राहुल ने कहा कि मैं कांग्रेस को भी एक संदेश देना चाहता हूं। काम टीम वर्क से होता है वरना रिजर्व में चले जाएंगे। उन्होंने केंद्र पर किसानों, छोटे उद्योगों की अनदेखी का आरोप लगाया। इतना ही नहीं राहुल ने सवाल किया कि आखिर ऐसा कौन सा दबाव था जिसके कारण प्रधानमंत्री ने देश के हितों के खिलाफ फैसले लिए। राहुल ने फिर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की किताब को लेकर अपने दावे दोहराए।

### नहीं माने तो खरगे सबक सिखाएंगे



राहुल ने कहा कि मैं कांग्रेस को भी एक संदेश देना चाहता हूं। मैं आपको बता रहा हूं,आप चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, पार्टी से बड़ा कोई नहीं है। टीम के सदस्य बनिए। और अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो खरगे और मैं आपको सबक सिखाएंगे। हमारी असली ताकत हमारे कार्यकर्ता हैं। वे ही हमारी असली ताकत हैं।

### 4 महीने तक टालते रहे, 15 मिनट में कर दिया

राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऐसे फैसले लिए हैं जो किसानों के हितों के खिलाफ हैं। वे ऐसा काम मात्र 15 मिनट में कर दिया।

### समझौते पर हस्ताक्षर क्यों किए?

अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि ऐसा क्या दबाव था कि भारत के प्रधानमंत्री ने हमारे देश के लिए मृत्युदंड के फरमान पर हस्ताक्षर कर दिए?

### वित्त मंत्री को लिखा पत्र पूर्व सैनिकों को उनका सही हक दिया जाए

राहुल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लिए प्रयाप्त बजट का आवंटन और विकलांगत पेंशन पर आयकर की छूट को बहाल किया जाए। कांग्रेस नेता ने वित्त मंत्री को 25 फरवरी को यह पत्र लिखा यह उल्लेख किया कि पूर्व सैनिक इन दोनों मामलों के कारण मुश्किल का सामना कर रहे हैं।

## जज के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

# हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी, यह 'दिनदहाड़े न्यायिक हत्या' जैसा

अमन लेखनी समाचार/ इलाहाबाद,

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद की एक सिविल अदालत के जज के खिलाफ सख्त



टिप्पणी करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। यह मामला एक संपत्ति विवाद से जुड़ा था, जिसमें निचली अदालत ने एक किराएदार को उस संपत्ति पर कब्जा और मालिकाना हक दे दिया था। सुनवाई की अध्यक्षता न्यायमूर्ति संदीप जैन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निचली अदालत का यह फैसला गलत ही नहीं, बल्कि जान-बूझकर किया गया गंभीर न्यायिक कदाचार है। इस फैसले को 'दिनदहाड़े न्यायिक हत्या' बताया।

### अनुचित फायदा दिया गया

हाई कोर्ट ने बताया कि ट्रायल कोर्ट ने जान-बूझकर महत्वपूर्ण सबूतों को नजरअंदाज किया, जैसे उस महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र, जिसके नाम पर संपत्ति थी। अदालत के अनुसार ऐसा करने का मकसद वादी (किराएदार) को अनुचित फायदा पहुंचाना था।

# राज्य में न बिके जहरीली शराब

## मुख्य सचिव ने होली पर कानून-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था एवं आबकारी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहार के अवसर पर विशेष सतर्कता बरती जाए और अवैध तथा जहरीली शराब के किसी भी प्रकार के उत्पादन एवं बिक्री को पूर्णतः रोका जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी जनपद में अवैध मदिरा के सेवन से कोई दुर्घटना न होने पाए। इसके लिए संवेदनशील जनपदों में विशेष चौकसी सुनिश्चित की जाए तथा अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में न तो अवैध एवं जहरीली शराब का निर्माण हो और न ही उसकी बिक्री होने पाए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों, ढाबों एवं अन्य संभावित स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री न हो तथा अधिक दर पर मदिरा विक्रय की शिकायत न मिले। सीमा क्षेत्रों, विशेषकर अंतरराज्यीय बार्डर पर सतर्कता बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही भांग की अधिकृत दुकानों पर किसी भी दशा में गांजा की बिक्री न होने देने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने प्रशासन को अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जाए। कानून का उल्लंघन करने वाले तथा अवैध शराब के उत्पादन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि होली पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शराब की दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध तरीके से शराब की क्रय-विक्रय को बढ़ावा मिल सकता है तथा अवैध एवं जहरीली शराब के सेवन से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर ही जिला प्रशासन दुकानों की बंदी के संबंध में निर्णय ले, ताकि व्यवस्था संतुलित एवं नियंत्रित बनी रहे। खनन विभाग की समीक्षा में उन्होंने राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवरलोडिंग और अवैध खनन पर स्रोत बिंदु पर ही प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। ओवरलोडिंग में संलिप्त वाहन मालिकों एवं परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण करते रहें तथा मौके पर ही प्रभावी और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव आबकारी श्रीमती वीना कुमारी मीना, आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह, सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव, विशेष सचिव आबकारी अभिषेक आनंद, विशेष सचिव खनन अरुण कुमार उपस्थित थे।

# पीजीआई इलाके में नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई इलाके में नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसे नौकरी दिलाने के बहाने बैंक खाता खुलवाया गया, लेकिन खाते से संबंधित कोई भी दस्तावेज उसे नहीं दिए गए। पीजीआई पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कासिमपुर बिरुहा, गोसाईगंज निवासी लक्ष्मी पत्नी चंद्रशेखर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लवकुश नामक व्यक्ति ने उसे 'गो एंड ग्रो ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड' नामक संस्था में नौकरी दिलाने का वादा किया था। इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही गई। लक्ष्मी के अनुसार, लवकुश और दिलावर उसे बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एक्सटेंशन शाखा ले गए। वहां खुशी नामक व्यक्ति ने उसके आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित सभी दस्तावेज ले लिए और उसका बैंक खाता खुलवाया। हालांकि, खाता खुलने के बाद लक्ष्मी को एटीएम, पासबुक या चेकबुक जैसे कोई भी दस्तावेज नहीं दिए गए। बैंक के रजिस्टर में उसके हस्ताक्षर करवा लिए गए और बताया गया कि नौकरी पर ज्वाइनिंग के समय सभी कागजात दिए जाएंगे। पीड़िता ने बताया कि उसे अभी तक कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके साथ कई अन्य लोगों के भी इसी तरह खाते खुलवाए गए थे। उन खातों में कहीं से पैसे आए हैं और पुलिस उन लोगों के पास नोटिस लेकर पहुंची है, जिससे वे सभी डरे हुए हैं। लक्ष्मी ने धोखाधड़ी की आशंका पर अपना खाता बंद कराने के लिए बैंक में आवेदन भी दिया था, लेकिन उसका खाता अभी तक बंद नहीं हुआ है। पीजीआई पुलिस ने लक्ष्मी की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की विस्तृत विवेचना शुरू कर दी है।

## लखनऊ व्यापार मंडल में वापस लौटे व्यापारी

**लखनऊ।** इंदिरा नगर में शनिवार को लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की उपस्थिति में सतनाम सिंह, गुंजन तुलानी, नरेंद्र तुलानी एवं नितिन अग्रवाल ने पुनः लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करते हुए सभी नवसदस्यों ने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल हमारा परिवार है और हम कार्यकारिणी के साथ मिलकर तन, मन एवं धन से संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करेंगे।

सतनाम सिंह जी ने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल के प्रति उनका विशेष लगाव और आत्मीय जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि यह संगठन केवल व्यापारियों के अधिकारों की आवाज नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह सदस्यों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और व्यापारी हितों के प्रति प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर उन्होंने पुनः सदस्यता ग्रहण की है।

बैठक में मुख्य रूप से अमरनाथ मिश्र, उत्तम कपूर, देवेंद्र गुप्ता, सुहैल हैदर अल्वी, आदर्श सिंह, पवन सिंह, मनीष वर्मा, नरेश अग्रवाल, चिराग जाखोदिया, अभिषेक सिंह चौहान, आयुष बाजपेई सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# यूट्यूबर पर हमला, योगी ने लिया संज्ञान

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि प्रदेश में आतंक फैलाने और कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह लोनी क्षेत्र के अल्वी नगर निवासी सलीम वास्तिक पर अली गार्डन कॉलोनी स्थित उनके कार्यालय में हमला किया गया था। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार दो अज्ञात हमलावर सलीम के दफ्तर में घुसे और चाकुओं से उनके गले व पेट में कई वार किए। गंभीर रूप से घायल सलीम को तत्काल दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया। परिजनों के अनुसार, सलीम की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

इस मामले में सलीम के बेटे उस्मान की तहरीर पर शक के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों में एआईएमआईएम नेता अजगर, अशरफ, शाहरुख, सोनू तथा भाटी बिल्डर शामिल हैं।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि फरार आरोपितों तक शीघ्र पहुंचा जा सके। बीती रात पुलिस ने चार स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इनमें दो ठिकाने दिल्ली और दो गाजियाबाद में थे। छापेमारी के दौरान कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर दबिश और तेज कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमले के पीछे संभावित रंजिश, वैचारिक मतभेद और अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। प्रशासन ने क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री के सख्त रुख के बाद पुलिस कार्रवाई तेज कर दी गई है। प्रदेश सरकार ने दोहराया है कि कानून का राज सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की हिंसा या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## गोबर से तैयार हो रहे होलिका दहन के लट्ठे

**लखनऊ।** होली के पावन पर्व को पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। नगर निगम के कान्हा उपवन में देसी गाय के गोबर से होलिका दहन के लिए विशेष लट्ठे तैयार किए जा रहे हैं। इन लट्ठों का धार्मिक, आध्यात्मिक तथा पर्यावरणीय दृष्टि से विशेष महत्व बताया जा रहा है। पशु कल्याण अधिकारी डॉ अभिनव वर्मा के अनुसार देसी गाय के गोबर से बने लट्ठों के दहन से वातावरण शुद्ध एवं पवित्र होता है तथा प्रदूषण में कमी आती है। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार गोबर से किया गया होलिका दहन सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और पर्यावरण को नुकसान भी कम पहुंचाता है। इच्छुक नागरिक देसी गाय के गोबर से तैयार लट्ठे मात्र 5 रुपये प्रति लट्ठे की दर से प्राप्त कर सकते हैं। 200 से अधिक लट्ठों की खरीद पर निशुल्क होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए श्री सोनू सिंह से मोबाइल नंबर 9140876200 एवं 9451149355 पर संपर्क किया जा सकता है।

# भाजपा जनता के लिए बुनियादी काम नहीं करती : अखिलेश यादव

## कन्नौज के एक दिवसीय दौरे में सपा अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा धोखा देती है। झूठ बोलती है। ये नकली लोग है। भाजपा जनता के लिए बुनियादी काम नहीं करती है। भाजपा सरकार जनता के लिए बिजली सस्ती नहीं करेगी। इलाज सस्ता नहीं करेगी, मेडिकल कॉलेज और कैंसर संस्थान की सुविधाएं नहीं बढ़ाती है। आज प्रदेश में कैंसर और हार्ट के मरीजों के लिए पर्याप्त इलाज नहीं है। दवा, इलाज बहुत महंगा है। इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

कन्नौज के एक दिवसीय दौरे के दौरान शनिवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में कन्नौज में काऊ मिल्क प्लांट लगाया गया था, जिससे गाय के दूध का उत्पादन बढ़ता। लोगों को शुद्ध गाय का दूध मिलता। लेकिन भाजपा सरकार ने प्लांट बंद कर दिया। भाजपा किसी भी अच्छी चीज के पक्ष में नहीं है। भाजपा सरकार ने कन्नौज का विकास रोक दिया है। आलू किसान को आलू की कीमत नहीं मिल रही है। आलू किसान एमएसपी की मांग कर रहे है। उनकी हालत खराब है। किसान को मंहगाई का सामना करना पड़ रहा है। नौजवान नौकरी, रोजगार के लिए भटक रहे हैं। भाजपा सरकार रहेगी तो सब बंद हो जायेगा। भाजपा लोगों के मुंह को सील कर देगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तमाम देशों से फ्री ट्रेड का समझौता किया है। अमेरिका के साथ डील कर रही है। चीन हमारा बाजार छीन रहा है। भारत का बाजार विदेशी सामानों से भरा जा रहा है। अब हमारी अगली पीढ़ी का क्या भविष्य होगा। हम मदरलैण्ड है और आप फादरलैण्ड है, इन नारों से भविष्य नहीं ठीक होगा। भाजपा सरकार बुनियादी चीजों पर काम नहीं कर रही है। केन्द्र सरकार देश का पूरा कारोबार इजरायल और अमेरिका को दे रही है। सारा सामान चीन से आ रहा है। एआई समिट में रोबोट चीन का लेकर आ गये। भाजपा ने पूरी दुनिया में देश की बदनामी करायी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार वोट कटवाने के लिए एसआईआर करा रही है। भाजपा वालों ने कहा था कि मुसलमानों के वोट कटवाएंगे। मुसलमान भाई कागज ढूंढ़ेंगे, लेकिन जबसे एसआईआर हो रहा है हम देख रहे है कि हिन्दू भाई ज्यादा कागज ढूंढ़ रहे हैं। भाजपा एसआईआर में हिन्दू भाइयों को परेशान कर रही हैं। अगर वोट नहीं बना, मतदाता सूची में नाम नहीं आया तो कल को भाजपा कोई भी चिट्ठी दे देगी कि भारत के नागरिक नहीं है। फिर सबको डिटेंसन सेन्टर में रहना पड़ेगा। भाजपा सरकार मुसलमान भाइयों को डराने के लिए डिटेंसन सेन्टर बना रही थीं। अब जिसका वोट नहीं इसका मतलब है कि उसकी नागरिकता नहीं है। तो भाजपा सरकार उसे डिटेंशन सेन्टर भेज देगी।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पता चल गया है कि प्रदेश में सपा की सरकार आने वाली है। समाजवादी सरकार में बनाया गया जेपीएनआईसी अब खुलने लगा है। अभी पार्किंग खोलेंगे। फिर अंदर खोलेंगे। फिर हमें दे देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास समाजवादी सोच का कोई नेता नहीं है। जब भाजपा का पहला अधिवेशन हुआ था तब अपने आपको समाजवादी दिखाने के लिए भाजपा को जयप्रकाश नारायण की तस्वीर लगानी पड़ी थी लेकिन उन्हीं के नाम से बने जेपीएनआईसी को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में युद्ध नहीं होना चाहिए। हम समाजवादी लोग हमेशा लड़ाई के खिलाफ रहे हैं। युद्ध कभी अच्छा नहीं होता है। इससे नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सीमाओं और बहुत सारी चीजों को लेकर देशों के बीच बहुत झगड़े है, वे एक-दूसरे को नीचा दिखाना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने झूठ फैलाया।

# एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा यूपी

## वैल्यू चेन क्षमता, लॉजिस्टिक्स, एक्सप्रेस-वे और कनेक्टिविटी से लागत में आयेगी कमी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में अपने विकास मॉडल के कोर ड्राइवर्स (आधारभूत कारकों) को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। इस मामले में सरकार की रणनीति मैन्युफैक्चरिंग, वैल्यू चेन क्षमता, टेक इनेबल्ड वृद्धि, निवेश और संतुलित क्षेत्रीय विकास पर केंद्रित है।

इन पांच स्तंभों के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने का काम किया जा रहा है। प्रदेश अब श्रम आधारित उद्योग से टेक-सपोर्टेड उत्पादन मॉडल की ओर जा रहा है। निर्यात उन्मुख उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे रोजगार और कारोबार की प्रकृति भी बदल रही है। लो स्किल से मध्य और उच्च स्किल की ओर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक क्लस्टर का विस्तार प्रदेश को घरेलू आपूर्ति का ही केंद्र नहीं, बल्कि वैश्विक आपूर्ति चेन का हिस्सा बनाने की रणनीति है।

- **संतुलित क्षेत्रीय विकास, पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक विकास की समान रफ्तार**



मैन्युफैक्चरिंग को प्रदेश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार माना गया है। औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर के विस्तार से उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और निर्यात में वृद्धि होगी। वैल्यू चेन एफिशिएंसी के अंतर्गत लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है।

पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे परियोजनाओं के साथ मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किए जा रहे हैं। बेहतर कनेक्टिविटी से परिवहन लागत घटेगी और उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। प्रदेश सरकार टेक इनेबल्ड ग्रोथ, आईटी-आईटीईएस सेक्टर को भी प्राथमिकता दे रही है।

लखनऊ, नोएडा और कानपुर में आईटी पार्क और डेटा सेंटर परियोजनाएं प्रगति पर हैं। स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां लागू की गईं हैं। सरकार का मानना है कि डिजिटल इकोसिस्टम मजबूत होने से सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ेगी। कृषि और पर्यटन को भी विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिह्नित किया गया है।

कृषि क्षेत्र में तकनीकी जानकारी देने और वैल्यू एडिशन पर जोर दिया जा रहा है, जबकि पर्यटन में धार्मिक, सांस्कृतिक और इको टूरिज्म सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## प्रयागराज एसटीपी परियोजना को बिल्ड इंडिया अवॉर्ड

**लखनऊ।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश के नेतृत्व और मार्गदर्शन तथा नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के तकनीकी व वित्तीय समर्थन से संचालित प्रयागराज सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना को प्रतिष्ठित बिल्ड इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से प्रदान किया गया। जो परियोजना के अपशिष्ट जल प्रबंधन तथा नदी पुनरुद्धार पर पड़ने वाले परिवर्तनकारी प्रभाव को मान्यता देता है। प्रयागराज एसटीपी की सफलता सीधे तौर पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश की रणनीतिक नेतृत्व क्षमता और कार्यक्रमगत निगरानी का परिणाम है, जिसे एनएमसीजी की ओर से नीति मार्गदर्शन और वित्तीय व्यवस्थाओं के साथ सहयोग प्रदान करता है । राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश ने कार्यक्रम की योजना, हितधारक समन्वय, पर्यावरणीय सुरक्षा और समुदाय सहभागिता का नेतृत्व किया, जिससे इंजीनियरिंग समाधान लक्ष्यों के अनुरूप नदी का पुनरुद्धार हो रहा है। एनएमसीजी के सहयोग ने तकनीकी मूल्यांकन, वित्तीय ढांचे और निगरानी प्रणालियों को सुदृढ़ किया, जिससे स्वच्छ गंगा के निर्धारित मानकों को प्राप्त किया गया है।

# बालिकाओं की सुरक्षा पर योगी सरकार का विशेष जोर

## प्रेरणा पोर्टल पर फोटो अपलोड करना होगा अनिवार्य

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आठ मार्च) से ठीक पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से बड़ा अभियान शुरू किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर समेत प्रदेश के 42 जनपदों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के आदेश जारी किए गए हैं।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि आठ मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में होने चाहिए। उन्होंने दोहराया कि केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शौचालयों में स्वच्छता, नियमित सफाई, जल की उपलब्धता, बिजली व्यवस्था (जहां आवश्यक हो) और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए। सरकार का विशेष फोकस छात्राओं के लिए पृथक एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय सुविधा मिलने से छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ेगी, मासिक धर्म के दौरान सहजता होगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी।

महिला दिवस के अवसर पर यह पहल बेटियों को सम्मानजनक शैक्षिक वातावरण देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है। शौचालयों की वास्तविक स्थिति की मॉनिटरिंग के लिए प्रेरणा पोर्टल पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी। इससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहेगी। जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यालयों में मरम्मत या जल कनेक्शन की आवश्यकता है, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ करने को कहा गया है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आठ मार्च की समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई तय की जाएगी।

आवश्यक बजट और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह अभियान न केवल बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि महिला सशक्तीकरण और सम्मान की भावना को जमीनी स्तर पर साकार करने का प्रयास है।

## अथक, अनवरत और अदम्य ऊर्जा की प्रेरक तस्वीर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान का दौरा सिर्फ विदेशी दौरा भर नहीं था, बल्कि इस यात्रा ने दुनिया के सामने उनकी कर्मयोगी की छवि को और पुख्ता किया है। चार दिनों तक बिना थके, अनवरत और अदम्य ऊर्जा के साथ उद्यमियों, विदेशी प्रतिनिधिमंडलों और उद्योग संस्थानों में भ्रमण के साथ उन्होंने भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद किया। यह उनकी कर्मठता, अनुशासन और अपने राज्य के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का बेमिसाल उदाहरण है। सीएम योगी की मेहनत रंग भी लाई और उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रति जिस तरह उत्साह दिखाया, वह इस बात का प्रमाण है कि विश्व में यूपी को लेकर धारणा बदली है। सीएम योगी का यह दौरा सामान्य नहीं था। सिंगापुर और जापान का समय भारत से क्रमशः ढाई और साढ़े तीन घंटे आगे है।

# रंजिश में फैक्ट्री कर्मी को गोली मारी, पीठ में लगी, हालत नाजुक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात आइसक्रीम फैक्ट्री से ड्यूटी कर बाइक से वापस घर लौट रहे एक कर्मी को आपसी रंजिश में रास्ते में रोककर गोली मार दी गई। गोली पीठ में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। माल थाना क्षेत्र के ग्राम पारा भदराही निवासी संदीप प्रजापति हरदोई जनपद के संडीला स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करते हैं। शुक्रवार देर रात ड्यूटी से बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी रहीमाबाद के गहदो टावर के पास पहुंचते ही गहदो निवासी अनुभव सिंह ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। संदीप के रुकने से इनकार करने पर आरोपी ने पीछे से गोली चला दी, जो उसकी पीठ में जा लगी। इसी में



अस्पताल में भर्ती संदीप – फोटो

वह सड़क गिरपड़ा घायल संदीप ने किसी तरह फोन कर घटना की सूचना पत्नी मानसी प्रजापति को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें पहले नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास व जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों दामाद के हमले से घायल बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बीती 22 फरवरी को बंथरा के चक गांव में रहने वाली पूजा रावत के पति संदीप कुमार और ससुराल वालों से विवाद हो गया। जिसके बाद पूजा ने इसकी सूचना अपने मायके सरोजनी नगर स्थित गौरी में दी। सूचना के बाद पूजा का पिता रामनरेश (61) जब पूजा को मायके लाने के लिए उसकी ससुराल पहुंचा, तो पूजा के पति संदीप व अन्य ससुराल वालों से विवाद हो गया। पुलिस का कहना है कि पूजा के ससुराल वाले उसे मायके भेजने को तैयार नहीं थे। विरोध करने पर पूजा के जेठ ने उसके पिता रामनरेश को पकड़ लिया और पूजा के पति संदीप ने रामनरेश के सिर पर फावड़े से हमला कर दिया। जिससे रामनरेश बुरी तरह घायल हो गए। बाद में उन्हें गौरी स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन हालत अधिक गंभीर होने के कारण रामनरेश को लोकबंधु अस्पताल से ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। जहां 26 फरवरी गुरुवार को रामनरेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि इस मामले में पूजा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ रामनरेश की मौत के बाद मामले में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ते हुए आरोपी संदीप की तलाश शुरू की गई। इसके बाद उसे नारायणपुर - बेहटा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया फावड़ा बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# किसान पथ पर विवाद के बाद डंपर से कुचलकर क्लीनर की हत्या

**आरोपी चालक डंपर छोड़कर फरार, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किसान पथ पर शनिवार सुबह नटकुर अंडरपास के निकट मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। डंपर चालक ने ट्रक क्लीनर संदीप (35) की पहले पिटाई की और फिर डंपर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। इंस्पेक्टर बिजनौर थाना कपिल गौतम के अनुसार संदीप मूल रूप से उन्नाव जनपद के हसनगंज थाना क्षेत्र के सेमरा गांव का निवासी था। वह पड़ोसी गांव छरिहरा निवासी ट्रक चालक फुरकान के साथ क्लीनर का काम करता था। फुरकान ने बताया कि वे झांसी से कॉपियां लादकर गोरखपुर जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे कानपुर रोड से किसान पथ पर चढ़ने के दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे साइड मिरर टूट गया। इस पर नाराज संदीप ने डंपर का पीछा कराया और नटकुर अंडरपास के पास वाहन रुकवाया। ट्रक से उतरते ही दोनों में कहासुनी हुई। आरोप है कि डंपर चालक ने संदीप को कई तमाचे जड़े और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह डंपर पर बैठा और अचानक वाहन बढ़ाकर संदीप को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल संदीप को पुलिस की मदद से सीएचसी सरोजनीनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# संक्षेप

## शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की बाइक चोरी

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए युवक की बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के रुद्रपुर निवासी शुशील यादव के घर बुधवार को मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था। मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए खानपुर थाना सरेनी जिला रायबरेली के विजय बहादुर पुत्र गोवर्द्धन यादव अपनी बाइक को लॉक कर निमंत्रण चले गए। रात करीब 10:30 बजे जब निमंत्रण निपटा कर बाइक के पास पहुँचे बाइक नही थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता न चलने पर थाने में जाकर तहरीर दी। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा ने बताया बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बीते दिनों किसान की फसल हुई थी जलमग्न क्षेत्रीय लेखपाल ने की जाँच

उन्नाव। आसीवन क्षेत्र में बीते दिनों लगभग एक बीघा गेहूं की फसल को गांव के ही निवासी पप्पू पुत्र रंजीत द्वारा जलमग्न कर दिया गया था जिसमे पीड़ित नें उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई थी शनिवार को लेखपाल नें पहुँचकर जांच की है बताते चलें पूरा मामला थाना आसीवन की ग्राम पंचायत पेसारी तहसील सफीपुर जनपद उन्नाव का है ग्राम पंचायत पेसारी में लगभग तैयार गेहूं की एक बीघा फसल को गांव के ही निवासी पप्पू पुत्र रंजीत द्वारा जलमग्न कर दिया गया था जिसमे किसान नें उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई थी उपजिलाधिकारी नें जांच करा कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था शनिवार को लेखपाल सुरेश सिंह मौके पर पहुंचे उन्होंने फसल के हुए नुकशान का आलाकन किया दोषियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है अब देखना यह है की कार्यवाही होती है य जांच को ठन्डे बस्ते मे डाल दिया जायेगा ।

## विद्युत लाइन की चपेट से युवक बुरी तरह झुलसा

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के गलरापुर गांव में एक युवक 11000 वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। यह घटना तब हुई जब युवक अपने खेत में ट्यूबवेल पर तार लगा रहा था। 35 वर्षीय सौरभ, पुत्र मनोज, अपने खेत में ट्यूबवेल के लिए तार जोड़ रहा था। इसी दौरान वह अचानक 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तुरंत सौरभ को एक निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया। वहां उपस्थित डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सौरभ की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# विद्यालयों के बेहतर संचालन को लेकर ब्लॉक स्तरीय एसएमसी प्रशिक्षण आयोजित

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड में समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रधानाध्यापकों के लिए आयोजित एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी पंकज कुमार गौतम तथा खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी पंकज कुमार गौतम ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। विद्यालय प्रबंध समिति की सक्रिय भागीदारी से विद्यालयों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी का समन्वित प्रयास आवश्यक है। खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति स्कूलों के संचालन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समिति के अध्यक्षों और सदस्यों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की जानकारी मिलती है, जिससे विद्यालयों में पारदर्शिता और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर देवी शरण श्रीवास्तव ने उपस्थित शिक्षकों और समिति सदस्यों से विद्यालयों के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय तभी उन्नति कर सकते हैं जब शिक्षक, अभिभावक और समिति के सदस्य एक साथ मिलकर शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों में देवी शरण श्रीवास्तव, आशेन्द्र सिंह, मास्टर ट्रेनर विष्णु माधव त्रिपाठी आदि के द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका, विद्यालय विकास योजना, वित्तीय प्रबंधन तथा शिक्षा की गुणवत्ता सुधार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ संघर्ष समिति अध्यक्ष देश दीपक पाण्डेय, संतोष तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिंह, शिवाजी अवस्थी, कंचन मिश्रा, वन्दना दीक्षित, सारिका शुक्ला, राम मोहन सिंह, सुनील गुप्ता, अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, रवि शंकर पाण्डेय, राहुल यादव, विक्रांत सिंह, जितेंद्र कुमार तथा एसएमसी अध्यक्षो में पुष्पेन्द्र शुक्ल, रामबाबू, कमलेश, महेन्द्र कुमार, राज कुमारी, गीता देवी, बाबूलाल समेत बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक, शिक्षक तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# आयोजित समारोह में शिक्षामित्रों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर क्षेत्र में शिक्षामित्रों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षामित्रों को पट्टा पहनाकर, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया गया। मानदेय में वृद्धि को लेकर भी इस दौरान खुशी व्यक्त की गई। शिक्षामित्र आनंद यादव ने बताया कि यह सम्मान समारोह सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्णय से शिक्षामित्रों को मिलने वाले 10,000 रुपये के मानदेय में होली के उपलक्ष्य में 8,000 रुपये की वृद्धि की गई है। इस वृद्धि से शिक्षामित्रों में उत्साह का माहौल है। आनंद यादव ने आगे बताया कि विधायक ने इस अवसर पर सभी शिक्षामित्रों को सम्मानित किया, जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से सम्मान समारोह था और शिक्षामित्रों को औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया है। उन्होंने इसे शिक्षामित्रों के लिए गर्व का क्षण बताया। वहीं, लाभार्थी रीता कुशवाहा ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने हाल ही में एक शिक्षक सम्मान समारोह में मंत्री को सम्मानित किया था। मानदेय वृद्धि की घोषणा के बाद, संघ ने अपने-अपने क्षेत्र के विधायकों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया था। रीता कुशवाहा ने बताया कि इसी क्रम में विधायक पंकज गुप्ता ने शिक्षामित्रों को ही सम्मानित करने का अवसर दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने न केवल मानदेय वृद्धि पर चर्चा की, बल्कि कैशलेस व्यवस्था और शिक्षामित्रों की निजी समस्याओं को भी गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षामित्रों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा और भविष्य में उन्हें और बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जाएगा।

# आटा चक्की का पत्थर फटने से दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के लगलेसरा गांव में एक ट्रैक्टर-माउंटेड आटा चक्की का पत्थर फटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों की पहचान सिर्स कन्हर गांव निवासी रमन (50) और लगलेसरा निवासी धर्मेंद्र (32) पुत्र हरिहर प्रसाद के रूप में हुई है। रमन सहदेव ट्रैक्टर में आटा चक्की लगाकर गांव-गांव जाकर आटा पीसने का काम करते हैं। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे, रमन अपनी चक्की लेकर लगलेसरा गांव पहुंचे थे। वे सड़क किनारे खड़े होकर धर्मेंद्र का गेहूं पीस रहे थे, तभी अचानक चक्की लगाकर गांव-गांव जाकर आटा पीसने का काम करते हैं। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे, रमन अपनी चक्की लेकर लगलेसरा गांव पहुंचे थे। वे सड़क किनारे खड़े होकर धर्मेंद्र का गेहूं पीस रहे थे, तभी अचानक चक्की का पत्थर फट गया। इस हादसे में रमन और धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस चालक रामसिंह और ईएमटी गोविंद कुमार मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी सफीपुर ले गए। सीएचसी सफीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टर फरीद ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जनगणना 2027 को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड़ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को मकान सूचीकरण और गणना के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद उन्नाव के जिला जनगणना प्रभारी उमाशंकर (सांख्यिकी अन्वेषक), जो जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध हैं, ने विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने चार्ज अधिकारियों (तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी) के दायित्वों, फील्ड ट्रेनर की तैयारी, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा डेटा संकलन और ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोडिंग की प्रक्रिया पर जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की मॉनिटरिंग व्यवस्था भी समझाई गई। मई से 20 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें स्व-गणना (Self Enumeration) की अवधि 7 मई से 21 मई 2026 निर्धारित है। इस चरण में सभी भवनों, जनगणना मकानों और परिवारों की पहचान कर उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें फर्श, दीवार, छत की सामग्री, आवास की स्थिति, पेयजल स्रोत, शौचालय की उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं व संपत्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा एकत्र किया जाएगा। जनगणना का द्वितीय चरण 9 से 28 फरवरी 2027 तक संचालित होगा, जिसकी संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 निर्धारित की गई है। अपर जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि 1872 से जारी श्रृंखला में यह 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी। यह जनगणना पहली बार पूर्णतः डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी। डेटा संग्रह प्रगणकों के स्मार्टफोन पर एक समर्पित मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जबकि इसका प्रबंधन और निगरानी सीएमएमएस पोर्टल से होगी। इस बार परिवारों को वेब पोर्टल के जरिए स्वयं गणना का विकल्प भी मिलेगा, जिसे बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापित किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि डेटा संग्रह में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी सूचना छूटने न पाए और त्रुटि रहित डेटा एकत्र किया जाए।

# अनियंत्रित ट्रक पलटा, चालक घायल



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर कार को बचाने के प्रयास मे एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया और मुर्गी दाना की बोरिया बिखर गईं। राजस्थान प्रांत के जिला जैसलमेर के थाना पनवाड़ निवासी चालक जियाउल हक 45 पश्चिम बंगाल के शहर मालदा से एक ट्रक में मुर्गी दाना लोड़कर राजस्थान प्रांत के शहर अलवर जा रहा था। शनिवार की सुबह करीब 8 बजे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरधरपुर के निकट ओवर टेक कर रही कार को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस वे पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया जिसे बांगरमऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही सड़क पर मुर्गी दाना लदी बोरियां बिखर गईं। सूचना पाकर मौके पर पहुँची यूपीडा टीम ने घटनास्थल का रेस्क्यू किया।

# ब्लाक सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड सभागार में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर ने बी डी ओ व बी ई ओ की मौजूदगी में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। शनिवार को फतेहबहादुर सिंह सभागार में ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर नेकार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रवज्जलित कर किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही खण्ड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने मुख्य अतिथि बंबा लाल दिवाकर को भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया.इस दौरान मुख्य अतिथि दिवाकर ने अपने संबोधन में ग्राम प्रधानो एवं प्रधानाध्यापकों से आवाहन किया कि गांव गांव सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा अधिक से अधिक नामांकन कराने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मानव उत्थान का सबसे बड़ा हथियार है। इसमें सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने समस्त प्रधानाध्यापकों से अपने अपने विद्यालयों में प्रबंध समिति की मीटिंग कर विद्यालयों में छात्र छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के साथ ही गुणवत्ता पूर्व शिक्षा प्रदान करने को कहा। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा कला के माध्यम से वीणवादिनी मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विश्वनाथ तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, सत्यप्रकाश द्विवेदी, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, पूजा खन्ना, रेनू तिवारी, अमरेंद्र यादव गजेंद्र सिंह यादव सहित क्षेत्र के विद्यालयों से पहुंचे प्रधानाध्यापक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के शिक्षण कौशल को निखारेंगे परिषदीय शिक्षक, पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विकास खंड औरास के सोमदेव महाविद्यालय, इनायतपुर बर्रा में चल रहा सहायक शिक्षकों का पांच दिवसीय 'समावेशी शिक्षा' प्रशिक्षण शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। दूसरे चरण के इस प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के विशेष गुर सिखाए गए।

### शिक्षण कौशल और समावेशी नामांकन पर चर्चा:

प्रशिक्षण के दौरान संदर्भ दाताओं ने परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के शिक्षण कौशल को विकसित करने पर जोर दिया। समापन सत्र में दिव्यांग बच्चों के समावेशी नामांकन और उनकी विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों को बताया गया कि धैर्य और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से इन बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाया जा सकता है।

### अधिकारियों की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ

यह पूरा प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी औरास, संजय शुक्ला के कुशल दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में संदर्भ दाता भानु प्रताप सिंह, विनोद कुमार (स्पेशल एजुकेटर) और इम्तियाज अली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन के अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह मियागंज मंडी से सब्जी लेने जा रहे बाइक सवार युवक को पीछे से आ रहे अनियंत्रित कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जब कार दुर्घटना के बाद खंती में पलट गयी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी जिस पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के नसरत पुर जंगलेमऊ गांव निवासी गिरजेश मौर्य पुत्र महादेव मौर्य 35 शनिवार की सुबह सब्जी खरीदने के लिए मियागंज मंडी जा रहा था इसी बीच दुबे गढी गांव के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित कार चालक ने बाइक में टक्कर मारते हुए सडक किनारे खंती में पलट गयी जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे मृतक दो भाइयों के बीच छोटा था बडा भाई दिनेश मौर्य एक बहन पुष्पा जिसकी शादी हो चुकी है मृतक की डेढ़ साल पहले रेनू के साथ शादी हुई थी मृतक की मां राम पति बेटे की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है और कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# कामदार के पद पर तैनात कर्मी का विदाई समारोह आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कृषि बीज भंडार में कामदार के पद पर तैनात कर्मी के 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के काफी संख्या में लोग उनके विदाई समारोह में शामिल रहे

सफीपुर राजकीय कृषि बीज भंडार में कामदार के पद पर कार्यरत रहे त्रिलोकी नाथ मिश्र आज 37 वर्ष तक विभाग की सेवा करने के उपरांत सेवानिवृत हो गए राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी संजय ,शिव कुमार पांडेय,शशिकांत राज श्रीवास्तव द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भव्य समारोह में उनके व्यक्तित्व एवम कृतित्व को याद कर उन्हे पुष्प गुच्छ, दुशाला,प्रतीक चिन्ह देकर उनके स्वस्थ एवम दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए अपनी विदाई दी इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान ,व्यापारी, प्रधान ,बीडीसी सदस्य, संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे

# ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ग्राम गुरधारी में चकबन्दी विभाग ने ग्राम चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी बैठक मे उपस्थिति अधिकारियो ने शिकायतों और समस्या का निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गुरधरी के पंचायत भवन मे बंदोबस्त अधिकारी रामदेव निषाद ने ग्राम चौपाल का आयोजन कर किसानों की समस्या सुनी कहा की जिस किसान को यदि कोई समस्या है तो उसको बता सकता है जिसमे चक की समस्याओं को लेकर, नाली, चकरोड आदि समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। किसानों ने चक पर जाने के लिए अवैध कब्जा को हटवाकर चकरोड़ मार्गो को खुलवाये जाने की माँग की किसानों ने कहा मार्गो की पुनः पैमाईस कर अतिक्रमण हटवाकर चक मार्ग चालू कराये जाये बंदोबस्त अधिकारी ने बताया जिसको भी कोई समस्या है तो कभी भी हमें आकर बता सकता है। इस मौके पर चौपाल में चकबंदी अधिकारी राजेश कुमार व सहायक चकबंदी अधिकारी शशि कुमार सोनी व सहायक चकबंदी अधिकारी विभोर बिश्नोई चकबंदी कर्ता जयचंद लेखपाल रणवीर सिंह यादव सहित दर्जनों किसान व महिलाए उपस्थित रही ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी इंदेमऊ अंतर्गत इंदेमऊझबारासगवर रोड पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में जख्मी युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। खेतों से वापस लौट रहे इंदेमऊ निवासी युवक वैलेश सिंह पुत्र अवधेश सिंह को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजन युवक को इलाज के लिए बीघापुर स्थित सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से युवक को कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी सिम्पल सिंह, 10 वर्षीय पुत्री अर्पिता, 5 वर्षीय पुत्र आयुष और मां संतोष कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# फुटवियर की दुकान में लगी आग हजारों का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। कस्बे के कबरोई रोड स्थित एल बी फुटवियर की दुकान में शुक्रवार रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया, जिससे दुकान मालिक के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दुकान मालिक अकील अहमद के अनुसार, इस अग्निकांड में फुटवियर का सामान, फर्नीचर, काउंटर और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। उन्हें लगभग 5 से 7 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। स्थानीय लोगों ने आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया है, जबकि दुकान मालिक ने अज्ञात कारणों से आग लगने की बात कही है। इस हादसे के बाद दुकान मालिक अकील अहमद पुत्र बरकत अली के सामने अपने व्यवसाय को फिर से शुरू करने और परिवार का भरण-पोषण करने का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर औरास थाना प्रभारी संजीव कुमार कुशवाहा मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच-पड़ताल की और पीड़ित दुकान मालिक को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है और जल्द ही नुकसान का आकलन भी कराया जाएगा। अकील अहमद ने बताया कि उन्होंने रिश्तेदारों से पैसे उधार लेकर यह फुटवियर की दुकान शुरू की थी। उन्होंने प्रशासन से मदद की अपील की है ताकि वे अपना व्यवसाय दोबारा शुरू कर सकें।

## सम्पादकीय

# उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी दिखाएंगे कूटनीतिक संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को इजरायल के दो दिनी दौरे पर पहुंचे। यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब मध्य-पूर्व व पश्चिम एशिया में भारी उथल-पुथल है। अमेरिकी युद्धपोत ईरान को घेरे हुए हैं और ईरान भी शक्ति प्रदर्शन का कोई मौका छोड़ नहीं रहा है। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री की नौ साल में दूसरी इजरायल यात्रा चर्चा का विषय बनी हुई है। देश में विपक्ष, खासकर कांग्रेस इस यात्रा को लेकर हमलावर है। 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से ही भारत ने इजरायल और अरब देशों के साथ अपने संबंधों को रिसेट किया है। अब भारत की नीति हर देश के साथ द्विपक्षीय हितों और साझेदारियों पर केंद्रित है। हमारे फिलस्तीन और ईरान के साथ भी अच्छे रिश्ते हैं। भारत आतंकवाद से पीड़ित है और वह दुनिया में होने वाली ऐसी हर घटना के खिलाफ रहा है। भारत ने जहां इजरायल पर हमास के हमले का विरोध किया, वहीं वह गाजा में मानवीय सहायता को तेज करने का भी हिमायती रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री की यह यात्रा न तो किसी देश के खिलाफ है और न ही किसी के समर्थन में। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ ही साझा हितों को लेकर है। इस दो दिन की यात्रा में रक्षा और सुरक्षा, श्रम और व्यापार, एआई और प्रौद्योगिकी तथा आईएमईसी परियोजना के तहत कनेक्टिविटी एजेंडा में शीर्ष पर होंगे। इसके बावजूद मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच होने वाली बैठकों के परिणाम केवल द्विपक्षीय समझौतों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनके प्रतीकात्मक महत्व और पश्चिम एशिया क्षेत्र को दिए जाने वाले संदेश भी इसमें शामिल होंगे। इस यात्रा के दौरान अधिकांश निर्धारित कार्यक्रमों में दोनों नेता साथ दिखाई देंगे। नेतन्याहू ने बुधवार को तेल अवीव हवाई अड्डे पर मोदी का खुद स्वागत किया और उन्हें यरुशलम की यात्रा पर ले गए। गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता और प्रेस वक्तव्यों के अलावा, वे निजी रात्रिभोज, एक नवाचार कार्यक्रम, यद वाशेम होलोकॉस्ट स्मारक संग्रहालय का दौरा और संभवतः इजराइल में बसे प्रवासी समुदाय से मुलाकात करेंगे, जिसे वहां बसे भारतीय-यहूदी समुदाय के साथ संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। मोदी ने इजरायली संसद को भी संबोधित किया । इस यात्रा में मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले की धमकियों के बीच सावधानीपूर्वक कूटनीतिक संतुलन साधना होगा, खासकर ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़ा बढ़ रहा है और प्रमुख ठिकानों से कर्मियों की वापसी हो रही है। हालांकि गुरुवार को ईरान-अमेरिका वार्ता के चलते इस सप्ताह हमले की संभावना कम दिखती है, फिर भी यह याद रखना चाहिए कि जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले वार्ता जारी रहने के बावजूद हुए थे। ईरान में भारतीय नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह से जुड़े सवालों पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को कहा था कि यदि ईरान पर बमबारी होती है तो प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, नई दिल्ली को उस कूटनीतिक छवि पर भी विचार करना होगा, जिसमें ईरान और इजराइल के बीच तनाव के दौरान मोदी व नेतन्याहू साथ खड़े दिखाई देंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण, प्रशासन और शांति स्थापना के लिए अमेरिका की "बोर्ड ऑफ पीस" योजना पर चर्चा चल रही है और भारत ने इसमें एक पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेने का निर्णय लिया है।



प्रहार
कांतिलाल मांडोत

'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

# आतंक के खिलाफ नई राष्ट्रीय ढाल

केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई पहली राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी नीति 'प्रहार' भारत की आंतरिक सुरक्षा रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। आज़ादी के 78 वर्ष बाद एक समग्र, लिखित और स्पष्ट आतंकवाद विरोधी नीति का आना इस बात का संकेत है कि सरकार अब प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय और पूर्व-निवारक दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। लंबे समय से सुरक्षा विशेषज्ञ यह सवाल उठाते रहे थे कि जिस देश ने दशकों तक सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद, अलगाववाद और वैश्विक आतंकी नेटवर्क की चुनौतियों का सामना किया है, उसके पास एक औपचारिक राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति क्यों नहीं है।

अब 'प्रहार' के माध्यम से केंद्र ने इस कमी को दूर करने का प्रयास किया है। इस नीति का मूल आधार 'जीरो टॉलरेंस' यानी आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि आतंकवाद को किसी धर्म, जाति या समुदाय से नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि इसे केवल राष्ट्र-विरोधी हिंसक कृत्य के रूप में देखा जाएगा। यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि आतंकवाद की चुनौती केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता से भी जुड़ी हुई है। जब नीति यह स्पष्ट करती है कि आतंकवाद किसी विशेष पहचान से संबद्ध नहीं है तो वह कट्टरपंथ की जड़ों को कमजोर करने की दिशा में भी काम करती है। 'प्रहार' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हमले के बाद की कार्रवाई से अधिक हमले से पहले रोकथाम पर केंद्रित है। यह बदलाव बेहद महत्वपूर्ण है। पारंपरिक सुरक्षा मॉडल अक्सर किसी हमले के बाद जांच, गिरफ्तारी और दंड पर केंद्रित होते थे, लेकिन नई नीति में खुफिया तंत्र को सुदृढ़ कर संभावित हमलों को पहले ही विफल करने पर जोर दिया गया है। मल्टी एजेंसी सेंटर के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने का प्रयास इसी सोच का हिस्सा है। यदि विभिन्न एजेंसियों के पास मौजूद सूचनाएं समय रहते साझा हों और उन पर त्वरित कार्रवाई हो, तो कई बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। नीति में अल-कायदा और आइएसआइएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों से खतरे का उल्लेख यह दर्शाता है कि भारत अपनी सुरक्षा को केवल घरेलू संदर्भ में नहीं देख रहा, बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आकलन कर रहा है। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठन डिजिटल माध्यमों से युवाओं को प्रभावित करने और उन्हें कट्टरपंथ की ओर धकेलने की रणनीति अपनाते रहे हैं। ऐसे में नीति का डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, एन्क्रिप्शन, डार्क वेब और क्रिप्टो करेंसी के दुरुपयोग पर ध्यान देना समय की मांग है। आज आतंकवाद केवल बंदूक और बम तक सीमित नहीं है; यह साइबर हमलों, ड्रोन तकनीक, फेक न्यूज और ऑनलाइन भर्ती के रूप में भी सामने आ रहा है। ड्रोन हमलों और साइबर अटैक जैसी नई चुनौतियों का उल्लेख इस नीति को आधुनिक बनाता है। सीमाओं पर ड्रोन के माध्यम से हथियार और मादक पदार्थ गिराने की घटनाएं पिछले वर्षों में सामने आई हैं। साइबर हमलों के जरिए महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना को निशाना बनाया जा सकता है। रासायनिक, जैविक या परमाणु हमलों की आशंका भले ही कम हो, लेकिन उनका



प्रभाव विनाशकारी हो सकता है। इसलिए नीति में इन सभी संभावित खतरों के प्रति तैयारी और सतर्कता पर जोर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि 'प्रहार' केवल वर्तमान खतरों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी ध्यान में रखती है। आतंकी संगठनों और संगठित अपराध गिरोहों के गठजोड़ पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कई बार आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन की व्यवस्था हवाला, मादक पदार्थों की तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों से की जाती है। यदि इन फंडिंग चैनलों को तोड़ा जाए और ओवरग्राउंड वर्कर्स के नेटवर्क को खत्म किया जाए तो आतंकवाद की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। नीति में इस दिशा में कठोर कदम उठाने की बात कही गई है। इससे आतंकवाद के आर्थिक स्त्रोतों पर चोट पहुंचेगी। भारत जैसे संघीय ढांचे वाले देश में कानून-व्यवस्था मुख्यतः राज्य का विषय है, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा में केंद्र की भूमिका प्रमुख होती है। यदि दोनों स्तरों पर समन्वय में कमी हो, तो सुरक्षा व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। 'प्रहार' में राज्यों की एटीएस और आतंकवाद रोधी इकाइयों की क्षमता बढ़ाने, प्रशिक्षण, आधुनिकीकरण और तकनीकी संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। इससे पूरे देश में एक समान और मजबूत आतंकवाद रोधी ढांचा तैयार किया जा सकेगा। नीति में मानवाधिकारों और कानून के शासन को बनाए रखने की बात भी महत्वपूर्ण है। आतंकवाद से लड़ाई में कठोरता आवश्यक है, लेकिन कानून की सीमाओं के भीतर रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया और अपील का अधिकार देना लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। इससे सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच संतुलन कायम रहता है। यह संदेश भी जाता है कि भारत आतंकवाद से लड़ते हुए भी अपने संवैधानिक सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा।

कट्टरपंथ को रोकने के लिए युवाओं की समय रहते पहचान और परामर्श की व्यवस्था, जेलों में उग्र विचारधारा के प्रसार को रोकने के उपाय तथा शिक्षा और रोजगार के माध्यम से सामाजिक कमजोरियों को दूर करने की सोच नीति को केवल सुरक्षा दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार का माध्यम भी बनाती है। यदि युवा कट्टरपंथ की ओर आकर्षित ही न हों तो आतंकवादी संगठनों की भर्ती प्रक्रिया कमजोर पड़ जाएगी। इस दृष्टि से 'प्रहार' सामाजिक भागीदारी और पुनर्वास पर भी जोर देती है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग की बात इस नीति को वैश्विक आयाम देती है। अन्य देशों के साथ सूचना साझा करना, प्रत्यर्पण समझौते और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर आतंकियों को नामित कराने के प्रयास भारत की कूटनीतिक सक्रियता को दर्शाते हैं। आतंकवाद आज सीमा-रहित चुनौती बन चुका है, इसलिए उसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है। 2004-14 की तुलना में 2014-25 के बीच घटनाओं और हताहतों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। यह प्रवृत्ति बताती है कि सुरक्षा तंत्र ने कुछ हद तक प्रभावी काम किया है। कुल मिलाकर, 'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ, और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

विचार
उज्ज्वल दीपक



# विष्णु देव साय और ओपी चौधरी की जुगलबंदी

जशपुर जिले के एक गाँव बगिया से एक कृषक परिवार में जन्मे विष्णुदेव साय ने पंच, सरपंच से लेकर विधायक, सांसद और फिर केंद्रीय मंत्री के बाद 2023 में प्रदेश के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला है। इस प्रभावशाली राजनैतिक अनुभव का सीधा फायदा आज छत्तीसगढ़ की जनता को मिल रहा है और छत्तीसगढ़ राज्य के बजट में यह परिलक्षित होता है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी बाल्यकाल में अपने पिता के निधन के बाद, जीवन के सबसे कठिन मोड़ पर खड़े थे। शिक्षा ने उन्हें केवल एक डिग्री नहीं दी, बल्कि एक दृष्टि दी। एक गरीब परिवार से निकलकर आईएएस बनना, कलेक्टर के रूप में जमीनी हकीकत को समझना और फिर कलेक्टर पद से इस्तीफा देकर राजनीति को जनसेवा का माध्यम चुनना, यह एक दूरदर्शी व्यक्तित्व के लिए संभव था। यह उस भारत की कहानी है, जहाँ शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बनती है।

वर्ष 2026-27 का छत्तीसगढ़ राज्य का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ओपी चौधरी के जीवन अनुभव और व्यापक दृष्टि का प्रतिबिंब है। इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापकता है। जनजातीय अंचलों से लेकर उभरते हुए शहरी केंद्रों और मेट्रो विज़न तक, यह बजट छत्तीसगढ़ के संतुलित और समावेशी विकास की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। उदाहरण के लिए, रानी दुर्गावती योजना के तहत बालिकाओं को 18 वर्ष पूर्ण होने पर 1.5 लाख रुपए की आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना केवल एक सहायता राशि नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास, गरिमा और स्वावलंबन में किया गया एक दीर्घकालिक निवेश है। महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीकरण में 50% की छूट का प्रस्ताव, महिलाओं को केवल सामाजिक पहचान ही नहीं, बल्कि आर्थिक स्वामित्व और निर्णय लेने की शक्ति देने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं जनजातीय समाज से आते हैं और उन्होंने जनजातीय तथा गरीब परिवारों की उन सीमाओं और कठिनाइयों को नजदीक से देखा है, जहाँ संसाधनों की कमी और व्यवस्था की बाधाओं के कारण लोग अपने ही प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों तक नहीं पहुंच पाते। शायद यही कारण है कि उन्होंने 'शक्ति पीठ भ्रमण योजना' जैसी पहल की नींव रखी है। यह योजना छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने के साथ-साथ समाज के उन वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेगी, जो अब तक इन अनुभवों से वंचित रहे हैं। यह बजट उसी माली की तरह है, जो पेड़ की शाखाओं पर नहीं, बल्कि उसकी जड़ों को सींचकर पूरे वृक्ष को हरा-भरा और सुदृढ़ बनाना चाहता है। इस बजट का एक और महत्वपूर्ण केंद्र युवा हैं। शायद इसलिए क्योंकि वित्त मंत्री स्वयं जानते हैं कि शिक्षा किस प्रकार जीवन बदल सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी/युवा करियर काउंसलिंग के लिए 33 करोड़ रुपए का प्रावधान, और एक विशाल आधुनिक परीक्षा केंद्र की स्थापना जैसे कदम देखने में भले छोटे लगें, लेकिन उनका प्रभाव दूरगामी है। जनजातीय समाज के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी जो दंतेवाड़ा के कलेक्टर के रूप में अभूतपूर्व विकास योजनाओं के फलीभूत प्रधानमंत्री से पुरस्कृत हुए हैं, का विशेष रूप से बस्तर पर दिया गया ध्यान इस बजट की दूरदर्शिता को दर्शाता है। वर्षों तक नक्सलवाद की छाया में रहा यह क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे रह गया था। लेकिन अब, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से बस्तर नए अवसरों के द्वार पर खड़ा है। इसके साथ ही, बैगा, पुजारी और गुनिया जैसे पारंपरिक जनजातीय संरक्षकों के लिए 3 करोड़ रुपए का प्रावधान राज्य की उस संवेदनशील सोच को दर्शाता है, जो विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण के प्रति भी प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ.पी, जिन्होंने खुद अभावों को देखा, संघर्ष को जिया और शिक्षा के माध्यम से अवसरों की शक्ति को समझा।

# जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

# जीवन में, सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था।एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आखिर क्यों नहीं रुक रहे हवाई हादसे**

हाल ही में रांची से दिल्ली एयर एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुखद समाचार ने हमें एक बार फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया कि अखिर क्यों नहीं रुक रहे एयरप्लेन हादसे। इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीस मार खां समझता हो, लेकिन विज्ञान के क्षेत्र में इनसान अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो इस अभागे विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता लगाया जा सकता था या फिर इस विमान में अचानक खराबी कैसे आ गई? विमान बनाने वाली कंपनियां ऐसी तकनीक क्यों तैयार नहीं कर पाई है कि अगर कोई तकनीकी खराबी आती है तो मानव जिंदगियों को बचाया जा सके।

- संजय सचदेव, धमतरी

## ट्रेंड

**भारत माता का अपमान**



मैं आपको पूरे विश्वास के साथ कह रहा हू कि कृषि समझौते भारत के किसानों के हित में हैं। कुछ लोग गलतफहमी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। एआई कॉन्फ्रेंस मे जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कपड़े उतारे। ये भारत माता का अपमान है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

**कांग्रेस की कार्यशैली**



सत्ता की लालसा मे राष्ट्रहित से समझौता करना कांग्रेस की पीढ़ीगत कार्यशैली रही है। आज भी इनके नेता देश और विदेशी धरती पर जाकर भारत की साख को धूमिल करने तथा दुश्मन देशों से मदद की गुहार लगाने में संकोच नहीं करते।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

**सच्चाई जनता को बताएं**



निवेश के नए आंकड़े देने से पहले पुराने समझौतों की सच्चाई जनता को बताइए। यूपी की भाजपा सरकार ने दिखाए तो करोड़ों के एमओयू लेकिन जमीन पर इनके बनाये हवाई अड्डों की तरह कुछ भी नहीं उतरा।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

**तकनीकी इस्तेमाल**



अगर चीन रोबोट का इस्तेमाल कचरा इकट्ठा करने, सीवर साफ करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को नियंत्रित करने के लिए कर सकता है, तो हम क्यों नहीं? आइए, तकनीकी विशेषज्ञों, इस चुनौती को स्वीकार करें - कचरे को धन में बदलें और एक स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाएं।

- किरण मजूमदार, उद्यमी

## करंट अफेयर

# टेलीग्राम ऐप के संस्थापक पावेल के खिलाफ जांच शुरू

टेलीग्राम ऐप के संस्थापक पावेल डुरोव ने मंगलवार को दावा किया कि रूस की सरकार ने उनके खिलाफ /"आतंकवादी गतिविधियों मे सहायता करने/" के आरोप में आपराधिक जांच शुरू की है। रूस में जन्मे और इसी देश में अपना कॅरियर शुरू करने वाले डुरोव ने मॉस्को पर आरोप लगाया कि वह टेलीग्राम तक रूसी नागरिकों की पहुंच सीमित करने के लिए मनगढ़ंत बहाने बना रहा है। रूसी मीडिया में इससे पहले अपुष्ट खबरें आई थीं कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने डुरोव के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू कर दी है। यह घटनाक्रम उस बयान के दो सप्ताह बाद सामने आया है




## ऑफ बीट

# पढ़े-लिखे व विज्ञान समर्थकों का भी अंधविश्वास पर भरोसा

बचपन में हममें से कई लोगों को बताया जाता है कि बाल गीले होने पर बाहर निकलने से सर्दी लग जाती है। बड़े होने पर भी हम बाहर जाने से पहले बाल अच्छी तरह सुखाने में अतिरिक्त समय लगा देते हैं। अंग्रेजी भाषी देशों में कई ऊंची इमारतों में 13वीं मंजिल को अंकित नहीं किया जाता, जबकि पूर्वी एशिया में अक्सर चौथी मंजिल को छोड़ दिया जाता है। यदि जिस खिलाड़ी का मैं समर्थन करता हूं और वह लगातार जीत रहा हो तथा कोई कमेंटेटर उसका जिक्र कर दे, तो मुझे लगता है कि अब अपशगुन हो जाएगा और उसकी जीत का सिलसिला टूट जाएगा। ये सब अंधविश्वास और पारंपरिक मान्यताएं हैं।



## संक्षेप

### अवैध पार्किंग से जाम, दुर्घटना का खतरा

**समस्याएं बढ़ी; राहगीर परेशान**

मुसाफिरखाना , मुसाफिरखाना कस्बे में इन दिनों सड़क जाम की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है।ई-रिक्शा, टैक्सी और टेंपो जैसे वाहन सड़क के दोनों किनारों पर बेतरतीब खड़े रहते हैं, जिससे आए दिन जाम लग जाता है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क के दोनों ओर वाहनों के खड़े रहने से दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है। खासकर बाजार और व्यस्त मार्गों पर पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में अधिक दिक्कत होती है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती न होने के कारण यह स्थिति और बिगड़ रही है ।हालांकि, मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया जाता है।लेकिन, पुलिस के जाते ही वाहन चालक पुनः अपने वाहनों को अव्यवस्थित तरीके से खड़ा कर देते हैं, जिससे समस्या जस की तस बनी रहती है।इस संबंध में मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि कस्बे में ट्रैफिक पुलिस की अलग से कोई तैनाती नहीं है। पुलिस द्वारा नियमित रूप से अभियान चलाकर अतिक्रमण और अव्यवस्थित खड़े वाहनों को हटाया जाता है ।कस्बावासियों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि जाम से निजात मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### आरआरपीजी कॉलेज में रोजगार मेला लगा

**50 से ज्यादा कंपनियां शामिल, 1000 युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य**

अमेठी , आरआर पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन विभाग ने एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया।इसमें 50 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया, जिसका लक्ष्य एक हजार युवाओं को रोजगार प्रदान करना है। इस रोजगार मेले में मेडिकल, इलेक्ट्रिक और ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हुईं। कुछ कंपनियों ने विदेश में भी रोजगार के अवसर प्रदान किए। मेले में एक हजार से अधिक युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया। पूर्व मंत्री मौजूद रहे कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन किया और मेले के शुरूआती चरण में ही लगभग 10 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। सभी को नौकरी दिलाने की कोशिश इस अवसर पर पूर्व प्राविधिक शिक्षा मंत्री डॉ. अमिता सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी और कॉलेज के प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में कंपनियों के अधिकारी और युवा मौजूद रहे। डॉ. संजय सिंह ने कहा कि उनका प्रयास है कि मेले में आए सभी युवाओं को नौकरी मिले। उन्होंने अधिकारियों से भी सभी को रोजगार देने की बात कही। 50 से ज्यादा कंपनिया पहुंचीजिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि यह रोजगार मेला उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत आयोजित किया गया है।

उन्होंने पुष्टि की कि एक हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य है और मेले में 50 से अधिक कंपनियां लगभग 5000 रिक्तियों के साथ आई हैं।

## निदोर्षों को फंसाए जाने के खिलाफ जिलाधिकारी को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

### राजकीय शिक्षक संघ बहराइच एवं सामाजिक कार्यकताओं ने सोंपा ज्ञापन

**बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच की कार्यप्रणाली पर शिक्षकों ने उठाए सवाल**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। स्थानीय कैसरगंज तहसील प्रांगण में राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकताओं ने एकत्रित होकर जनपद में पूर्व में हुई शिक्षा विभाग की पाठ्य पुस्तकों को कबाड़ में बेचने की घटना एवं अपने बचाव के क्रम में आनन फानन में बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच के द्वारा निर्दोष अधिकारियों, कर्मचारियों को फंसाने की साज़िश के खिलाफ शिक्षकों के समूह ने जिलाधिकारी महोदय के लिए ज्ञापन देकर न्यायोचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकताओं के एक समूह ने तहसील परिसर कैसरगंज में इकट्ठा होकर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार को नौनिहालों के लिए उपलब्ध कराई गई निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों को कबाड़ी की दुकान पर बेचे जाने एवं संबंधित अधिकारियों की भूमिका के संबंध में निष्पक्ष जांच हेतु जिलाधिकारी बहराइच एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, शिक्षा मंत्री व शिक्षा निदेशक के लिए ज्ञापन दिया गया। अपनी मांगों के क्रम में शिक्षकों निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों के कबाड़ी की दुकान पर बिकने संबंधी प्रकरण में जो कर्मचारी, अधिकारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दोषी पाए जाएं, उनके विरुद्ध कठोर एवं निष्पक्ष कार्रवाई किये जाने साथ ही, निम्न बिंदुओं जिसमें जिस जांच समिति द्वारा संबंधित पत्र जारी किया गया, वह पूर्व तिथि में निर्गत प्रतीत होता है। उक्त पत्र जारी होने से पूर्व न तो संबंधित अधिकारी को किसी प्रकार की सूचना/प्रतिलिपि उपलब्ध कराई गई और न ही उनका पक्ष प्राप्त किया गया, पुस्तकों के प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों से बिना तथ्यात्मक पुष्टि के जांच समिति गठित कर दी गई।



जिनकी संलिप्तता संदिग्ध बताई गई, उन्हें न तो अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया और न ही निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित की गई एवं आरोपित अधिकारियों, कर्मचारियों से लिखित स्पष्टीकरण लिए बिना ही निष्कर्षात्मक पत्र जारी कर दिया गया, जो प्राकृतिक न्याय के प्रतिकूल सिद्धांतों की मांगें भी सम्मिलित रही। शिक्षकों ने अपने ज्ञापन में कहा कि उपरोक्त परिस्थितियों में बिना समुचित सुनवाई एवं तथ्यों के सत्यापन के किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई न्यायसंगत नहीं मानी जा सकती। शासन के नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक पक्ष को अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया जाना आवश्यक है।उन्होंने प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए तथा जिन अधिकारियों के विरुद्ध बिना सुनवाई के पत्र निर्गत किया गया है, उनके संबंध में जारी आदेश पत्र पर पुनर्विचार कर न्यायोचित निर्णय लिया जाने वह दोषियों को कठोर दंड दिलाया जाने की बात कही है। ज्ञापन कार्यक्रम के इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ बहराइच जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, जिला मंत्री पंकज कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापक रामदेव, शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता वी.पी.सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य तेज नारायण, शिक्षक सुरेंद्र कुमार, क्षेमेंद्र मणि, मनीष कुमार, अतुल पटेल, शशिकांत यादव , आनंद कुमार, अवध बिहारी आज सहित भारी संख्या में शिक्षक वह सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानव तस्करी के विरुद्ध एसएसबी ने जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। एसएसबी 42वीं वाहिनी की बी-कंपनी, बक्शी फॉरेस्ट टीम द्वारा ग्राम जिया गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के प्रति सजग करना तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में बी-कंपनी बक्शी फॉरेस्ट के निरीक्षक यशवीर सिंह के नेतृत्व में एसआई/जीडी सुरेश राम, एएसआई/जीडी बिप्लब कुमार घोष, एएसआई/जीडी राकेश, हेड कांस्टेबल/जीडी रेहान खान, हेड कांस्टेबल/जीडी ओम प्रकाश, हेड कांस्टेबल/जीडी शैलेन्द्र एवं कांस्टेबल/जीडी बालाराजू उपस्थित



रहे। इसके अतिरिक्त एनजीओ प्रतिनिधि अर्जुन ने भी सहभागिता कर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की ।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को बताया कि मानव तस्करी एक संगठित अपराध है, जिसमें लालच, झूठे प्रलोभन अथवा नौकरी का झांसा देकर महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं को शोषण के उद्देश्य से ले जाया जाता है।उन्होंने बच्चों को सतर्क रहने, अजनबियों से सावधान रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत परिजनों या सुरक्षा बलों को देने की सलाह दी। एनजीओ प्रतिनिधि ने भी बच्चों को सुरक्षित रहने के उपाय, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रशासन ने एसएसबी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत आवश्यक हैं, जिससे समाज को मानव तस्करी जैसे अपराधों से बचाया जा सके।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त रूपईडीहा पुलिस गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को रूपईडीहा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि रूपईडीहा पुलिस ने दुष्कर्म के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर चल रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में ये कार्रवाई की गई ।उन्होंने बताया कि थाना रूपईडीहा पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अताउल्ला पुत्र दिलबहार, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी ग्राम कटघर थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच को मुखबिर की सूचना पर बाबाकुट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी कहीं भागने की फिराक में था। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण




कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय सदर बहराइच के समक्ष पेशी हेतु रवाना कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नीरज यादव कांस्टेबल रामसेवक सोनकर शामिल थे। थाना रूपईडीहा पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी: शिवेश शुक्ला

### बाबागंज चौकी पर पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र की बाबागंज चौकी पर होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान होलिका दहन स्थल, जुलूस मार्गो तथा पूर्व में हुए विवादों की जानकारी ली, ल गई। बैठक की अध्यक्षता चौकी इंचार्ज शिवेश शुक्ला ने की। इस बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु और व्यापारी शामिल हुए। चौकी इंचार्ज शिवेश शुक्ला ने सभी उपस्थित लोगों से होली का पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।उन्होंने लोगों को किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा।कोतवाल रमेश सिंह रावत ने डीजे की तेज आवाज, हुड़दंग और जबरन रंग



लगाने जैसी घटनाओं से बचने की हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह नें उपस्थिति जन समूह से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की ।बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग किया जाएगा। ग्रामीणों ने आपसी सौहार्द बनाए रखने और नई पीढ़ी को भी शांति का संदेश देने पर जोर दिया ।चौकी इंचार्ज ने यह भी बताया कि होली के दिन संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके, इसके लिए पुलिस टीमें लगातार गश्त पर रहेंगी।

## पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 13 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्यवाही में 13 ग्राम स्मैक के साथ एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है ।रूपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर चल रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में एस एस बी के साथ मिलकर ये कार्यवाही की गई है ।उन्होंने बताया कि थाना रूपईडीहा के उपनिरीक्षक राहुल सरोज मय पुलिस बल एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने पिलर संख्या 651/2 के पास, नेपालगंज रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर (करीब 800 मीटर पश्चिम) घेराबंदी कर शाबान पुत्र कमरूद्दीन, निवासी चकिया रोड, थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच, उम्र करीब 19 वर्ष को 13 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना



रूपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय सदर बहराइच के समक्ष पेशी हेतु रवाना कर दिया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं है।

## आस्ताना मासूमिया जमा मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरान हुआ मुकम्मल

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रमजान का पहला अशरा (10 दिन) आते-आते लगभग सभी मस्जिदों में तरावीह के दौरान कुरान पूरा होने का सिलसिला जारी है, रमजान का चांद निकलते ही उसी रात से तरावीह (विशेष नमाज) शुरू होती है ।अल्लाह की मुकद्दस किताब कुरआन शरीफ रमजान में नाजिल हुआ ईशा की नमाज के बाद 20 रकआत तरावीह की नमाज अदा होती है। जिसे रमजान में अदा की जाती है। पूरे रमजान चलने वाली तरावीह में हाफिज पूरा कुरआन शरीफ सुनाते हैं, उसी क्रम में ग्राम पंचायत कलवारी,दुगार्पुर, सुजौली, बाबागंज के पास बाबा मासूम अली शाह वारसी की जामा मस्जिद मासूमियत में 10वी तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया, यहाँ भारी संख्या में लोगों ने तरावीह की नमाज अदा की, कमेटी के मैनेजर बाबा गुलाम हैदर उर्फ.पप्पू भैया सदर मोबीन खान, मीडिया प्रभारी नईम खान, निजामुद्दीन ,प्रधान इरशाद अली, नूर अली, महबूब अली, ने सभी को रमजान की मुबारकबाद पेश की व सभी से अपील कर कहा की रोजेदारों को इफ्तार कराएं, कुरान पाक की तिलावत करें, पूरा महीना इबादत में गुजारे, गुनाह से दूर रहें, जरूरतमंदों की व एक-दूसरे की भरपूर मदद करें, रोजा रखने का मतलब सिर्फ भूखा रहना नहीं होता है। ये हाथ-पैर, आंख आदि सभी अंगों का भी रोजा होता है। जो लोग किसी वजह से रोजा नहीं रख पाते, वे रोजेदारों का एहतिराम करें, देश और समाज में अमन-मोहब्बत की दुआ करें। साथ ही हाफिज अहमद हुसैन साहब को तोहफे/नजराना देकर हौसला अफजाई किया गया, तरावीह के बाद सामूहिक दुआ हुई। हाफिज अहमद हुसैन ने इमामत करते हुऐ कुरान सुनाया इस मुबारक मौके पर मैनेजर बाबा गुलाम हैदर साहब ने जकात के मसले पर अपने जोर देते हुए कहा जो मालीके निसाब हो सभी को इमानदारी से पाई-पाई जकात निकालनी है,जकात पहले अपने परिवार में फिर उन गरीब परिवार को दी जानी चाहिय? जो इसका जादा जरूरतमंद हो, इस दौरान मस्जिद के सभी मेंबरान मौजूद रहे। चांद रात से ही मुस्लिम बहुल इलाकों के बाजारों में देर रात तक चहल-पहल और रौनक चल रही है। रोजाना लोग सहरी और इफ्तार के सामान की खरीदारी कर रहें हैं, पैगंबर-ए-इस्लाम ने रमजान के तीस दिनों को तीन अशरों में बांट कर अहमियत बताई है। पहले 10 दिन का अशरा रहमतों का होता है। दूसरा अशरा गुनाहों से माफी और तीसरा जहन्नम से निजात का है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर



**स्वास्थ्य शिविर में 80 बच्चों को वितरित की गई दवा**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। रुपईडीहा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर युसूफ अली अंसारी के निर्देशन में आयोजित चिकित्सा शिविर में 80 बच्चों को दवा वितरित की गई तथा बच्चों को होने वाली बीमारी तथा उनसे बचाव साफ-सफाई आदि की जानकारी दी गई ।चिकित्सक डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा तथा फार्मासिस्ट अंकुर गौतम ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को बीमारी से बचाव तथा साफ सफाई के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नेपाल के संसदीय चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट

### एसएसबी की सघन चेकिंग जारी

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में प्रस्तावित संसदीय चुनाव को लेकर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्र रूपईडीहा में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि नेपाल में हो रहे चुनाव के मद्देनजर सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। सीमा से होकर आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की गहन जांच की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा वाहनों की भी सघन तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि एसएसबी की प्राथमिकता है कि कोई भी अवांछनीय तत्व भारत से नेपाल या नेपाल से भारत में प्रवेश न कर सके। इसके लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है तथा जवानों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ मुस्तैदी से डटी हुई हैं, ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके ।इसी के साथ सीमा पर संयुक्त गस्त भी किया जा रहा है।

## कार चालक का अपहरण कर बनाया न्यूड वीडियो

**3 दिन बंधक बनाकर फोनपे व बैंक से निकाले 4.37 लाख, किराए पर गाड़ी बुक कराने के बहाने बुलाया**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , कार चालक का अपहरण कर उससे लाखों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने चालक को बंधक बनाकर कपड़े उतरवाए, नग्न वीडियो बनाया और डिजिटल ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 4.37 लाख रुपये निकाल लिए। तीन दिनों तक कैद रखने के बाद उससे 5 लाख रुपये की फिरौती भी मांगी गई। पीड़ित मोहम्मद शमीम प्रतापगढ़ के मानपुर, रानीगंज का रहने वाला है और अपनी अर्टिगा कार किराए पर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसने पुलिस को बताया कि 25 जनवरी 2026 को विश्नूपुर गांव के मकसूद ने प्रतापगढ़ जाने के लिए उसकी गाड़ी बुक की थी।

**महिला को छोड़ने के बाद घेरकर किया अगवा**




28 जनवरी को मकसूद की महिला साथी नसरीन ने दोबारा फोन कर रानीगंज से सुल्तानपुर चलने के लिए गाड़ी बुक कराई। शाम करीब 6 बजे महिला को छोड़ने के बाद जब शमीम किराया मांग रहा था, तभी 4-5 लोग वहां पहुंचे और उसे गाली देते हुए मारने लगे। इसके बाद उसे जबरन उठाकर एक कमरे में ले जाया गया।

**कपड़े उतरवाकर बनाया वीडियो, पिस्टल दिखाकर डराया**

कमरे में आरोपियों ने उसके कपड़े उतरवाकर नग्न अवस्था में वीडियो बनाया। दो लोगों के हाथ में पिस्टल थी, जिससे उसे धमकाया गया। मोबाइल छीनकर फोनपे के जरिए 1,07,520 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। इसके बाद आरोपी उसे जबरन की शाखा ले गए

## वृद्धा की पूरी जमीन भू-माफिया ने धोखे से हड़पी

**लालगंज में नातिन की शादी के लिए बेचने पर हुआ खुलासा**

अमन लेखनी समाचार



लालगंज , अनपढ़ और बुजुर्ग लोगों को लालच व धोखे में फंसाकर उनकी संपत्ति हड़पने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे मामलों में अक्सर परिचित, रिश्तेदार या भू-माफिया शामिल पाए जा रहे हैं। ताजा मामला लालगंज तहसील क्षेत्र के जैनपुर गांव से जुड़ा है, जहां एक अनपढ़ वृद्धा को सरकारी योजनाओं का झांसा देकर उसकी पूरी जमीन का बैनामा करा लिया गया ।जानकारी के अनुसार, जैनपुर निवासी फूलकली पत्नी स्वर्गीय राजाराम ने उपजिलाधिकारी लालगंज को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते वर्ष अगस्त माह में एक रिश्तेदार जो पेसे से अधिवक्ता है खजुरी गांव के निवासी हैं। उन्होंने शीतलमऊ भूमि में केवल एक बिस्वा जमीन बेचने का सौदा तय कराया था। आरोप है कि वृद्धा पेंशन और आयुष्मान कार्ड बनवाने का लालच देकर भू-माफिया से साथ गांठ कर शीतलमऊ में स्थित उनकी संपूर्ण भूमि का धोखे से बैनामा अपने नाम करा लिया ।जमीन बेचने पहुंची तो हुआ फजीवाड़े का खुलासापीड़िता फूलकली के मुताबिक, आगामी जून माह में उनकी नातिन की शादी प्रस्तावित है। इसी कारण वह अपनी कुछ जमीन बेचने के लिए एक व्यक्ति के साथ तहसील स्थित रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचीं। वहां कागजात की जांच के दौरान उन्हें पता चला कि उनकी जमीन पहले ही किसी और के नाम दर्ज हो चुकी है। इसी दौरान पूरे फजीवाड़े का खुलासा हुआ।

## शिक्षक टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ काली पट्टी बांधकर विरोध

**प्राथमिक शिक्षक संघ का आंदोलन जारी, कल डीएम-बीएसए को ज्ञापन सौंपने की तैयारी**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , जनपद में टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ परिषदीय शिक्षकों का विरोध लगातार तेज हो रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर बीते तीन दिनों से शिक्षक अपने विद्यालयों में शिक्षण कार्य और बोर्ड परीक्षा ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज करा रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण है, लेकिन मांगें न माने जाने पर इसे और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर प्रतापगढ़ जनपद के सभी विकास खंडों में एक साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। लालगंज, सांगीपुर, रामपुर, संग्रामगढ़, सदर, गौरा पट्टी, कुंडा, बिहार, शिवगढ़, बाबागंज, मंगरौरा, सड़वा चंडिका, बेलखरनाथ धाम, मांधाता, लक्ष्मणपुर, कालाकांकर और आसपुर देवसरा सहित सभी ब्लॉकों के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण




कार्य किया ।विरोध प्रदर्शन के तहत लालगंज और रामपुर संग्रामगढ़ विकासखंड के बीआरसी कार्यालयों पर भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि टीईटी को अनिवार्य करने का निर्णय वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों के विपरीत है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्राथमिक शिक्षक संघ रामपुर संग्रामगढ़ के अध्यक्ष राजेश चंद्र पांडेय ने कहा, ?शिक्षक पूरी निष्ठा से विद्यालयों में पठन-पाठन और बोर्ड परीक्षाओं की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन टीईटी की अनिवार्यता का निर्णय शिक्षकों के साथ अन्याय है। यदि सरकार ने इस पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा लालगंज प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने बताया कि टीईटी को अनिवार्य करने का निर्णय वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और इनको अनदेखा कर कोई भी फैसला स्वीकार्य नहीं होगा। यदि सरकार ने मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन कर वहां से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## संक्षेप

### 4 क्विंटल मिलावटी मावा नष्ट

**होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, कीमत 1.5 लाख रुपए**

बागपत में खाद्य सुरक्षा विभाग ने होली के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चार क्विंटल मिलावटी मावा नष्ट किया है।इस मावे की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई है।यह कार्रवाई दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर की गई। सहायक आयुक्त खाद्य डीपी सिंह के नेतृत्व में टीम ने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शामली, मुजफ्फरनगर और बागपत से दिल्ली ले जाए जा रहे मावा, खोया और पनीर के नमूने लिए गए। अब तक कुल 29 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं। अधिकारियों ने एक कैंटर में ले जाए जा रहे चार क्विंटल मावे को दुर्गंधपूर्ण और मिलावटी पाया। इसके बाद जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाकर मौके पर ही मावे को नष्ट कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष चेकिंग अभियान जारी है। अधिकारी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं। सहायक आयुक्त खाद्य डीपी सिंह ने लोगों से होली के अवसर पर मिलावटी सामान से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पैकिंग वाले सामान की एक्सपायरी डेट देखकर ही खरीदें और अधिक चमकदार मिठाइयों का सेवन करने से बचें। विभाग की टीम लगातार विभिन्न क्षेत्रों में मिठाई की दुकानों पर भी जांच कर रही है। भेजे गए नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बागपत, शामली और मुजफ्फरनगर से बिक्री के लिए ले जाए जाने वाले मावा, खोया और पनीर पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।

### दो अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**13 हजार वर्ग मीटर अवैध कालोनियों पर प्राधिकरण ने की ध्वस्तीकरण कार्रवाई**

बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण (बीबीडीए) ने उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के तहत दो अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की है। प्राधिकरण की टीम ने बड़ौत क्षेत्र में इन कॉलोनियों का ध्वस्तीकरण किया। ध्वस्त की गई कॉलोनियों में से एक जेपी स्कूल, बड़ौत, बागपत के सामने गौशाला के पीछे स्थित थी।यह कॉलोनी सुरेंद्र और अन्य द्वारा लगभग 3000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित की जा रही थी।दूसरी अनधिकृत कॉलोनी भी इसी स्थान पर, यानी जेपी स्कूल, बड़ौत, बागपत के सामने गौशाला के पीछे, मास्टर सुधीर और अन्य द्वारा विकसित की जा रही थी।इसका क्षेत्रफल लगभग 10000 वर्ग मीटर था।ये दोनों कॉलोनियाँ बिना ले-आउट स्वीकृति और बिना विकास अनुमति के विकसित की जा रही थीं, जो अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन था। जनहित और सुनियोजित शहरी विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन अनधिकृत प्लॉटिंग और निर्माणों को ध्वस्त किया गया। प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूमि या प्लॉट को खरीदने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित ले-आउट और मानचित्र विकास प्राधिकरण से विधिवत स्वीकृत हैं। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसे अनधिकृत निर्माणों या प्लॉटिंग के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बार काउंसिल अध्यक्ष के बेटे को सरेराह घेरकर पीटा

## प्रयागराज में रोडरेज में झगड़ा, बोला- 10 हजार कैश, सोने के मोती लगी माला लूटी

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज , झूंसी में रोडरेज में फूलपुर तहसील बार अध्यक्ष धर्मराज यादव के बेटे प्रकाश यादव को सरेराह घेरकर पीटा गया। रोडरेज में हुए इस झगड़े में उसके साथ मौजूद एक अन्य युवक को भी मारापीटा गया।

आरोप यह भी है कि हमलावर 10 हजार कैश व सोने के मोती लगी रुद्राक्ष की माला व एक घड़ी भी लूट ले गए। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामला मारपीट का है, लूट के आरोप गलत हैं।

अस्पताल में फार्मासिस्ट है प्रकाशस चमनगंज बाजार झूंसी का रहने वाला है। उसने बताया, मैं अल्लापुर स्थित साकेत अस्पताल में फार्मासिस्ट हूं। रोज की तरह शुक्रवार शाम स्टाफ के ही नीरज यादव के साथ बुलेट से घर लौट रहा था। शास्त्री ब्रिज पर एक युवक ने खतरनाक ढंग से बाइक चलाते हुए मुझे ओवरटेक किया। इसके बाद आगे जाकर आड़े-तिरछे गाड़ी चलाने लगा।

पांच-छह साथियों को बुलाया बकौल प्रकाश, मैंने कई बार हॉर्न दिया लेकिन युवक आड़े-तिरछे बाइक चलाता रहा। इस पर उसने उससे इसका कारण पूछा तो वह झगड़ने लगा। गालीगलौज करने लगा और तेजी से बाइक लेकर आगे बढ़ गया। इसके बाद मैंने जैसे ही शास्त्री ब्रिज पार किया, वहां पहले से खड़े उसी युवक ने मुझे रोक लिया। कुछ ही देर में लोटस हॉस्पिटल वाले रास्ते से उसके पांच-छह साथी आ गए।

100 मीटर की दूरी पर है थाना मैं कुछ समझ पाता, इससे पहले ही मुझ पर हमला कर दिया गया। हमलावर युवकों ने घेरकर मुझे व मेरे दोस्त को पीटा। इसके साथ ही 10 हजार कैश व गले से रुद्राक्ष की माला, जिसमें सोने के मोती लगे थे, लूट लिया।

साथ मौजूद स्टाफ की घड़ी भी छीन ली। फिर धमकी देते हुए भाग निकले। आरोप है कि उसी वक्त सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जबकि थाना यहां से 100 मीटर की दूरी पर है।

पुलिस का कहना है मामले में झूंसी थानाध्यक्ष महेश मिश्रा का कहना है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को पहले से जानते हैं और उनमें मारपीट हुई है। लूटपाट के आरोप गलत हैं। शिकायत मिली है और मामले की जांच कराई जा रही है।

# यूपी बोर्ड के फैसले से प्रकाशकों में आक्रोश

## सिर्फ 3 कंपनियां ही पुस्तकें छापेंगी, सीएम योगी से हस्तक्षेप की मांग

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज , यूपी बोर्ड के पुस्तकों के प्रकाशन से जुड़े फैसले के खिलाफ प्रकाशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। प्रकाशकों का आरोप है कि बोर्ड ने केवल तीन कंपनियों को 36 विषयों की 70 पुस्तकें प्रकाशित करने का अधिकार दिया है, जिससे दशकों से काम कर रहे अन्य प्रकाशक संकट में हैं। प्रकाशकों ने इस फैसले को 'तुगलकी फरमान' बताया। उनका कहना है कि वे तीन-चार पीढ़ियों से यूपी बोर्ड की पुस्तकें प्रकाशित कर रहे हैं। इस नए नियम से उनके व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। उनकी पुस्तकें यूपी बोर्ड के विद्यालयों में प्रतिबंधित कर दी गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी बोर्ड प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और प्रबंधकों पर दबाव बना रहा है कि यदि स्वीकृत तीन प्रकाशकों के अलावा किसी अन्य की पुस्तकें पढ़ाई गईं, तो उन पर जुमार्ना लगाया जाएगा। प्रकाशकों ने इस फैसले को वापस लेने की मांग की है इस मामले में यूपी बोर्ड सचिव के 8 जनवरी के आदेश के खिलाफ मेसर्स राजीव प्रकाशन एंड कंपनी और दो अन्य प्रकाशकों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने 19 फरवरी को जस्टिस नीरज तिवारी और जस्टिस गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि यूपी बोर्ड को अपने अधिनियम के तहत यह अधिकार है कि वह अपने से संबंधित विद्यालयों में केवल बोर्ड द्वारा स्वीकृत प्रकाशकों की पाठ्यपुस्तकें ही पढ़ाए। इस फैसले के बावजूद प्रकाशक लगातार यूपी बोर्ड पर अपने निर्णय को बदलने का दबाव बना रहे हैं।

# बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या



**संपत्ति विवाद में हुआ मर्डर, घटना के बाद से आरोपी फरार**


**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र की अमर गार्डन कॉलोनी में संपत्ति विवाद में देर रात बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। आरोपी दिनेश वारदात के बाद से फरार है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।मृतक की पहचान बंटी के रूप में हुई है। उसके परिवार में पत्नी और 12 साल की एक बेटी है। बंटी परिवार के साथ पुश्तैनी मकान में साथ रहता था। मकान के बंटवारे को लेकर लंबे समय से दोनों भाइयों के बीच तनाव चल रहा था। देर रात दिनेश और बंटी के बीच कहासुनी हुई। बहस इतनी बढ़ गई कि दिनेश ने गुस्से में बंटी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बंटी गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।हत्या के बाद आरोपी दिनेश मौके से फरार हो गया। परिजन की सूचना पर कंकरखेड़ा पुलिस और फॉरेंसिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से खून के नमूने और अन्य साक्ष्य जुटाए। मृतक की पत्नी और बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने आरोपी दिनेश की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# नमो भारत रैपिड रेल-मेरठ मेट्रो में सफर पर मिलेगा रिवॉर्ड

## 100 पॉइंट 10 रुपए के बराबर, रिडीम करने पर फ्री होगा सफर

**अमन लेखनी समाचार**





मेरठ , नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो के यात्रियों के लिए लॉयल्टी प्रोग्राम शुरू किया गया है। अब यात्री नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड या नमो भारत कनेक्ट एप के जरिए यात्रा करके लॉयल्टी पॉइंट्स कमा सकेंगे। पॉइंट रिडीम करने पर मुफ्त सफर का लाभ उठा सकेंगे।हर एक रुपए के खर्च पर 1 पॉइंट कार्ड या नमो भारत कनेक्ट एप से टिकट लेने पर खर्च किए गए हर एक रुपए पर 1 लॉयल्टी पॉइंट मिलेगा। प्रत्येक पॉइंट का मूल्य 10 पैसे तय किया गया। यानी कोई यात्री 100 रुपए खर्च करता है तो उसे 100 पॉइंट मिलेंगे। ये 10 रुपए के बराबर होंगे। कम से कम 300 लॉयल्टी पॉइंट्स जमा होने पर यात्री उसे रिडीम कर सकते हैं। बार-बार रिडेम्प्शन से बचने के लिए एक साथ 5 ट्रिप्स रिडीम करने की सुविधा भी दी गई है। रिडीम की गई यात्राएं 7 दिनों तक वैध रहेंगी और तय अवधि में उनका उपयोग करना होगा। कार्ड से यात्रा करने वालों के पॉइंट्स प्रत्येक परिचालन दिवस के अंत में उनके खाते में जुड़ जाएंगे। इसे अगले दिन चेक किया जा सकेगा। यात्री टिकट वेंडिंग मशीन, टिकट रीडर या टिकट काउंटर पर अपने लॉयल्टी पॉइंट्स की जानकारी ले सकते हैं।देश के किसी भी मेट्रो, परिवहन प्राधिकरण या वित्तीय संस्थान से जारी ठउटउ कार्ड से नमो भारत और मेरठ मेट्रो में यात्रा की जा सकती है।नमो भारत कनेक्ट एप से डिजिटल क्यूआर टिकट जनरेट करने वाले यात्रियों के लिए पॉइंट्स चेक और रिडीम करना आसान है। एप में लॉयल्टी पॉइंट्स विकल्प चुनकर यात्री अपने संचित पॉइंट्स से टिकट बुक कर सकते हैं। संबंधित जानकारी एप के ह्यमाई अकाउंटह्न सेक्शन में ऋअद में उपलब्ध है।एक साल तक मान्य रहेंगे पॉइंट्सअर्जित किए गए सभी लॉयल्टी पॉइंट्स क्रेडिट की तारीख से एक साल तक वैध रहेंगे। यह पहल पेपरलेस टिकटिंग को बढ़ावा देने, यात्रा को किफायती बनाने और स्वच्छ व सतत परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है।एनसीआरटीसी ने यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और कुशल यात्रा अनुभव के लिए नमो भारत कनेक्ट मोबाइल एप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# सीए के घर इनकम टैक्स का सर्वे

**आय से अधिक संपत्ति मामले में 24 घंटे से ज्यादा चली कार्रवाई; ढेरों दस्तावेज साथ ले गई टीम**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , सदर बाजार इलाके में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) राजीव जैन के घर इनकम टैक्स का सर्वे 24 घंटे से ज्यादा समय तक चला। टीम सुबह करीब 6 बजे पहुंची थी और दोपहर 1 बजे वापस गई। इनकम टैक्स के अधिकारी बहुत से दस्तावेज अपने साथ लेकर गए हैं। इसके लिए टीम बाकायदा अपने साथ प्रिंटर और लैपटॉप लेकर पहुंची थी। टीम के जाने के बाद उअ का परिवार टेरिस से झांकता रहा। जब उनसे बात करने की कोशिश की गई तो वे दरवाजा बंद करके अंदर चले गए। पूरी कार्रवाई इतनी गोपनीय रखी गई थी कि थाना पुलिस को भी इसकी भनक नहीं लगी। देर रात पुलिस की सूचना मिली तब सदर बाजार इंस्पेक्टर इंद्रपाल सिंह मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। आय से अधिक संपत्ति का मामला अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक हरियाणा के आय से अधिक संपत्ति से जुड़े एक मामले में सर्वे चल रहा है। मामले में हिसार के कुछ कारोबारियों के घर रेड हुई थी। उनके अकाउंट राजीव जैन संभालते हैं।इसी संबंध में



इनकम टैक्स की टीम यहां सर्वे कर रही है। हरियाणा से चार गाड़ियों में टीम बुधवार सुबह अरविंदपुरी पहुंची थी, जिनमें से एक गाड़ी लौट चुकी है। इनकम टैक्स टीम की तीन गाड़ियां अभी भी मौजूद हैं।

# गाजियाबाद में सैकड़ों किसानों का प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**




गाजियाबाद , गाजियाबाद जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (अनाज) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की और सरकार से जल्द समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद किसानों ने राष्ट्रपति के नाम प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में किसानों की राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। किसानों की प्रमुख मांगों में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देना, किसानों के बिजली बिल माफ करना और सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना शामिल हैइसके अतिरिक्त, कृषि उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) समाप्त करने, कृषि ऋण को ब्याज मुक्त करने तथा बीज, खाद और कीटनाशक सस्ते दामों पर उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। गाजियाबाद जनपद से जुड़ी विशेष मांगों में मीरपुर हिंदू गांव के किसानों पर दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करना शामिल है। किसानों ने इन मुकदमों को तत्काल वापस लेने की भी मांग की। मोदीनगर (तलहटा) स्थित निमार्णाधीन गोल चक्कर पर कट की व्यवस्था करने, भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा देने तथा खेतों और गांवों तक जाने वाले रास्तों को सुरक्षित और सुगम बनाने की मांग भी उठाई गई। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों की जमीन का आपसी सहमति के बिना अधिग्रहण रोकने की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। प्रदर्शन में ली अटोर गांव से आए किसान रामपाल सिंह ने कहा कि जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होंगी, उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# युवक की कनपटी पर सटाकर मारी गोली

## हमलावर बोला- है कोई माई का लाल बचाने वाला, मेरी पत्नी को भगा लाया था

**अमन लेखनी समाचार**




मेरठ, रामराज एरिया में युवक की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक से आए हमलावर ने युवक को दो गोलियां मारीं। पहली गोली पीछे से कमर पर जबकि, दूसरी गोली कनपटी पर सटाकर मारी गई। युवक का भेजा तक उड़ गया। हत्यारे ने पहली गोली मारने के बाद बाजार में चिल्ला-चिल्लाकर कहा- है कोई माई का लाल जो इसे बचा ले। इसके बाद उसकी कनपटी पर दूसरी गोली मार दी। पुलिस की जांच में सामने आया है, युवक का हत्यारे की पत्नी से अफेयर था। वह उसे भगाकर लाया था। मृतक हत्यारे की पत्नी के साथ लव मैरिज करने वाला था। बताया जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग को लेकर युवक की कुछ दिनों पहले कहासुनी भी हुई थी। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें युवक गोली मारते हुए नजर आ रहा है वहीं आरोपी ने मारने के बाद 4 मिनट का वीडियो जारी किया है। जिसमें वह कह रहा है कि उसको मैं मार आया, मैं अपने साथ कफन लेकर चलता हूं। घटना दोपहर बहसुमा मार्केट में सनातन धर्म मंदिर के ठीक सामने की है। रामराज के जगजीवन पुरी मोहल्ले के रहने वाले सुरेंद्र (28) बाजार से गुजर रहे थे। वह बाइक पर अकेले ही थे। करीब ढाई बजे रामराज की मेन मार्केट में सनातन धर्म मंदिर के सामने बाइक से आए हमलावर ने सुरेंद्र की पीठ पर पीछे से एक गोली मारी। गोली लगते ही सुरेंद्र बाइक से गिर गए। इसके बाद हमलावर दौड़ते हुए सुरेंद्र के करीब आया। उनकी कनपटी पर पिस्टल सटाकर दूसरी गोली मारी। फिर बाइक स्टार्ट कर मौके से भाग निकला। मौके पर मौजूद लोग दौड़ते हुए सुरेंद्र के पास पहुंचे। लहूलुहान हालत में लेकर हॉस्पिटल भागे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।गोली चलते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। भगदड़ मचने से लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ एसपी देहात भी मौके पर पहुंचे। मार्केट के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने सुरेंद्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। एसपी अभिजीत कुमार ने बताया कि हमलावर की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। वारदात की वजह जानने के लिए मृतक के परिजनों से भी जानकारी ली जाएगी। शादीशुदा महिला से लव मैरिज करने वाला था सुरेंद्र पुलिस की जांच में सामने आया है कि सुरेंद्र का सनौता निवासी प्रदीप की पत्नी से प्रेम प्रसंग था। डेढ़ साल पहले सुनील और उसकी पत्नी घर से भाग गए थे और दोनों ने कोर्ट में शादी कर ली थी। इसी के चलते प्रदीप और सुनील के बीच रंजिश चल रही थी।

# पुरानी बिल्डिंग तोड़ते समय भरभराकर गिरी

## हादसे के समय कोई नहीं था मौजूद, नियमों की अनदेखी का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा , एक पुरानी बिल्डिंग को तोड़ते समय कंपनी की बाउंड्रीवाल और गार्ड रूम की दीवार गिर गई। घटना के समय वहां पर कोई मौजूद नहीं था। घटना रात थाना फेज-2 क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही आसपास की फैक्ट्रियों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और कंपनी के कर्मचारियों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और संबंधित पक्षों से पूछताछ की। बगल वाली कंपनी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मदरसन प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह घटना हुई। सेफ्टी और बेरिकेडिंग नहीं करने का आरोपउनका कहना है कि बिल्डिंग को बिना सक्षम प्राधिकरण की अनुमति और बिना आवश्यक सुरक्षा मानकों के अनुपालन के तोड़ा जा रहा था। कंपनी प्रतिनिधियों के अनुसार, ध्वस्तीकरण के दौरान पर्याप्त सेफ्टी बैरिकेडिंग और संरचनात्मक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, जिसके चलते उनकी फैक्ट्री को नुकसान हुआ। नुकसान की भरपाई कर होगी मरम्मतवहीं, ध्वस्तीकरण कार्य कर रहे ठेकेदार ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि काम नियमानुसार किया जा रहा था।

# उधार के पैसे वापस मांगने पर युवक की हत्या

## नोएडा में फुटपाथ पर हुआ था झगड़ा, सिर पर पत्थर मारकर नाले में फेंका

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा , उधार के 1500 रुपए वापस मांगने पर एक युवक की सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी गई। उसके बाद शव को नाले में फेंक दिया गया। राजगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकलवाया। उसके बाद शव की शिनाख्त की। मृतक की पहचान 35 साल के राहुल के रुप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया है उससे पूछताछ की जा रही है। हुआ था झगड़ा डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि राहुल और रविंद्र दोनों सेक्टर-64 में सड़क पर बने फुटपाथ सोते थे। दोनों ही दिन भर कुछ काम करके पैसा कमाते। खाना पीना करके वहीं फुटपाथ पर सो जाते थे। दोनों के बीच 1500 रुपए के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। बहस हुई और दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इस बीच रविंद्र ने पास में पड़े पत्थर को उठा लिया और राहुल के सिर में मार दिया। गंभीर रुप से घायल राहुल तड़पने लगा। गुस्से में रविंद्र ने राहुल को नाले में फेंक दिया।

# यूकेजी का छात्र 7 घंटे बस में बंद

## बस खराब हुई तो उसी में छोड़ा, ट्रांसपोर्टर-कर्मचारी निलंबित; एमिटी इंटरनेशनल स्कूल का मामला

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा , यूकेजी का एक छात्र 7 घंटे तक बस के अंदर बंद रहा। स्कूल की छुट्टी के बाद जब परिजन सोसाइटी के गेट पर बच्चे को लेने पहुंचे तो वह बसे में नहीं था। उन्होंने स्कूल फोन किया। प्रबंधन ने बताया कि बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। पता चला कि बस के रजिस्टर में उसकी उपस्थिति दर्ज थी, लेकिन स्कूल में अनुपस्थित था। परिजनों ने ट्रांसपोर्टर को फोन किया तो पता चला कि रास्ते में बस खराब हो गई थी। इसके बाद दूसरी बस से बच्चों को भेजा गया था। बच्चे को खोजते हुए परिजन यार्ड पहुंचे। यहां बस खड़ी थी। परिजनों ने देखा कि बच्चा जोर-जोर से रो रहा था। वह भूखा-प्यासा था। पसीने से लथपथ था। बस का जैसे ही दरवाजा खुला बच्चा मां के चिपट गया और रोने लगा। स्कूल प्रबंधन ने ट्रांसपोर्टर और बस के कर्मचारी को निलंबित कर दिया है।सेक्टर-78 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले एक दंपती का 5 साल का बेटा सेक्टर-44 के एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में यूकेजी में पढ़ता है। परिजन के मुताबिक, सुबह उन्होंने बच्चे को सोसाइटी के गेट से स्कूल बस में बैठाया था। रास्ते में तकनीकी खराबी के कारण बस बंद हो गई।

## संक्षेप

### श्रीमद् भागवत महापुराण के मूल अखंड पाठ का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। में मऊरानीपुर रोड स्थित नदी पार शिव आश्रम में श्रीमद् भागवत महापुराण के मूल अखंड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में काशी (वाराणसी) और वृंदावन से आए विद्वान आचार्यों द्वारा अखंड पाठ का परायण निरंतर जारी है।यह आयोजन यज्ञाचार्य डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हो रहा है, जो नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य भी हैं।अखंड पाठ में आचार्य पंडित मुकेश गौतम, आचार्य अमित तिवारी, आचार्य सुनील द्विवेदी, आचार्य मनीष दीक्षित, आचार्य ऋषि पटेरिया, आचार्य शिवकुमार, आचार्य विजय पटेरिया, आचार्य शिवम्‌ पांडेय, आचार्य अभय शास्त्री, अक्षय शास्त्री, रविकांत शास्त्री और आचार्य उमेश महाराज सहित कई विद्वान परायण कर रहे हैं।कार्यक्रम के मुख्य यजमान पंडित महेशचंद्र रिछारिया हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### गरौठा: अनुरक्षण कार्य के चलते आज छह घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र गरौठा के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामीण एवं कृषि पोषक उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता रामभवन सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुरक्षण कार्य के दौरान सी.टी., पी.टी. एवं ब्रेकर लगाने का कार्य प्रस्तावित है। इस कारण उपकेन्द्र से जुड़े सभी पोषकों की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान सहयोग बनाए रखें, ताकि कार्य समय पर एवं सुरक्षित रूप से पूर्ण किया जा सके।

## काल बनकर दौड़ी बेकाबू कार: हरदोई में मासूम बच्ची को कुचला, मौके पर ही मौत

**कासिमपुर थाना क्षेत्र के घुघेरा गांव में कोहराम; साइकिल बनवा रही 7 साल की एलिजा पर चढ़ी वैगनआर**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद के कासिमपुर थाना क्षेत्र के घुघेरा मजरा हिया गांव में शनिवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ एक अनियंत्रित वैगनआर कार ने घर के बाहर खड़ी सात वर्षीय मासूम बच्ची को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मची हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, सफीकुल हसन की सात वर्षीय पुत्री एलिजा अपने घर के बाहर स्थित एक साइकिल की दुकान पर अपनी साइकिल ठीक करवा रही थी। इसी दौरान ककरहिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे मासूम एलिजा के ऊपर चढ़ा दी। कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्ची गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगी।आनन-फानन में परिजन और ग्रामीण खून से लथपथ एलिजा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।घटना की सूचना मिलते ही कासिमपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों की ओर से तहरीर (प्रार्थना पत्र) मिलते ही आरोपी कार चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़कों पर बढ़ती रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## पिहानी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध शस्त्रों के साथ दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

पिहानी,हरदोई।जनपद में अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पिहानी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए दो अभियुक्तों को अवैध तमंचों और जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, 28 फरवरी 2026 को थाना पिहानी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने मोहल्ला मीरसराय निवासी मो. कलीम पुत्र नसीम खां और इसी मोहल्ले के निजाम पुत्र पुत्तन को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान मो. कलीम के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस तथा निजाम के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

## जिला जेल में डीएम और एसपी के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप, सुरक्षा से लेकर स्वाद तक की हुई जांच

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को भारी पुलिस बल के साथ जेल का सघन निरीक्षण किया। इस औचक कार्रवाई से जेल प्रशासन और बंदियों के बीच हड़कंप की स्थिति रही।निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने जेल के प्रत्येक बैरक का बारीकी से मुआयना किया। अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा दीवार, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता और वॉच टावरों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी को परखा। इस दौरान जेल परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री की मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए सघन तलाशी के निर्देश भी दिए गए।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से बंदियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और पाकशाला में साफ-सफाई की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार ही पौष्टिक और शुद्ध भोजन दिया जाए।इसके साथ ही अधिकारियों ने जेल कैंटीन का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सामान की दरों व गुणवत्ता का मिलान किया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने जेल प्रशासन को जेल मैनुअल का सख्ती से पालन करने और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मुलाकातियों पर कड़ी नजर रखी जाए और कारागार के भीतर अनुशासन हर हाल में कायम रहे। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन भविष्य में और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

## रंगों की छटा और मुस्कान की मिठास के साथ फैजुल्लापुर विद्यालय में मनी होली

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।रंगों के उल्लास और मुस्कान की मिठास के बीच आज प्राथमिक विद्यालय फैजुल्ला पुर में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों की खिलखिलाहट और अबीर-गुलाल की रंगत ने उत्सव का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया। प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित तरीके से रंग लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी गईं तथा मिठाई खिलाकर उनका मुँह मीठा कराया गया।कार्यक्रम के दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिवेंद्र सिंह बघेल ने बच्चों को होली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने बच्चों को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने, बुजुर्गों का सम्मान करने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर विद्यालय के अन्य प्रधान अध्यापकों सहित सहायक अध्यापक अभिषेक अवस्थी, शिक्षा मित्र पंकज कुमार एवं अजय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संदेश दिया। बच्चों ने रंग खेलते हुए, मिठाइयों का आनंद लेते हुए और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी खुशी व्यक्त की। पूरे विद्यालय में उत्साह और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का अवसर बना, बल्कि भारतीय संस्कृति से जुड़ने और उसे आगे बढ़ाने की सीख भी दे गया।

## सवायजपुर को बड़ी सौगात: 4 नई सड़कों को मिली हरी झंडी, 412 लाख से चमकेगी क्षेत्र की सूरत

**विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' के प्रयासों ने रंग लाया, 6 किलोमीटर के नए मार्ग से आसान होगा ग्रामीणों का सफर**

अमन लेखनी समाचार

सवायजपुर। विधानसभा क्षेत्र सवायजपुर के विकास की कड़ी में एक और बड़ा अध्याय जुड़ गया है। क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' के अथक प्रयासों से शासन ने क्षेत्र की चार प्रमुख नई सड़कों के नवनिर्माण को वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। लगभग 412 लाख रुपये की भारी-भरकम लागत से करीब 6 किलोमीटर लंबी इन सड़कों का जाल बिछाया जाएगा, जिससे हजारों ग्रामीणों का वर्षों पुराना इंतजार खत्म होगा। सड़क निर्माण की इस परियोजना में क्षेत्र के महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों को शामिल किया गया है। स्वीकृत हुए नए मार्गों में गौटिया से जमालपुर, धीरपुर से अन्ना, नुर्रा से हरिपलापुर होते हुए मटका तथा ब्रह्मरौली से मिश्रनपुरवा तक का नवनिर्माण शामिल है। इन रास्तों के बन जाने से न केवल धूल और कीचड़ से मुक्ति मिलेगी, बल्कि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय और बाजारों तक पहुंचने में भी बड़ी सुगमता होगी।विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सवायजपुर का समग्र और चहुंमुखी विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बेहतर सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा होती हैं। अच्छी कनेक्टिविटी से क्षेत्र में व्यापार और शिक्षा के अवसर भी बढ़ेंगे।शासन द्वारा इन सड़कों को हरी झंडी मिलने के बाद क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक श्री रानू का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

## जनपद स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में सुल्तानपुर बना सुल्तान



**बच्चों ने स्थान पाकर विद्यालय समेत विकासखंड का बढ़ाया गौरव**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के सपोर्ट स्टेडियम शांति नगर में आयोजित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बालक्रीडा प्रतियोगिता में समूचे जनपद के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सहभागिता निभाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख आयोजक जिला समन्वक अशोक त्रिपाठी द्वारा की गई वहीं कुशल संचालन अनुराग मिश्र द्वारा किया गया प्रतियोगिता अंतर्गत बच्चों की ऊंची कूद कबड्डी वॉल पेंटिंग समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए जहां मलवां विकासखंड के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर के बच्चों ने अद्भुत कौतुक दिखाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया आयोजित प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस में छात्र आदित्य ने प्रथम स्थान ऊंची कूद एवं कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए पदक हासिल किया वही विद्यालय की कक्षा 5 की छात्रा रोशनी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके साथ-साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिता में समूचे विद्यालय को प्रथम स्थान मिला मिली जानकारी के अनुसार तहसील स्तर बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र रिंकी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसे सुनकर समूचे प्रांगण में बैठे शिक्षकों व अधिकारियों का हृदय गदगद को उठा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि समेत सभी शिक्षकों एवं मौजूदा गणमान्य लोगों ने पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय के बच्चों तथा उनका मार्गदर्शन कर रहे शिक्षकों की जमकर सराहना की प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला ने समस्त अधिकारियों मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर विद्यालय के सहायक अध्यापक रविंद्र कुमार समेत जनपद के अन्य क्षेत्रों के शिक्षक व छात्र-छात्राएं भारी संख्या में मौजूद रहे

## न्यायालय के आदेश पर 2438 लीटर अवैध शराब का किया गया विनष्टीकरण




अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। माननीय न्यायालय के आदेश पर गरौठा में अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई 28 फरवरी 2026 को क्षेत्राधिकारी गरौठा देवेंद्र नाथ मिश्रा और नायब तहसीलदार गरौठा राधा पालीवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। पुलिस के अनुसार, कुल 2438 लीटर अवैध कच्ची और देशी शराब को नष्ट किया गया। यह शराब वर्ष 2021, 2022 और 2023 में दर्ज 70 मुकदमों से संबंधित थी। शराब को गरौठा कस्बे के पास जंगल क्षेत्र में जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। इस विनष्टीकरण अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह, हेड मोहर्रिर लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल शौर्य कुमार और ग्राम प्रहरी भी मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई नियमानुसार और सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई।

## अनियंत्रित कार ने ली मासूम की जान, मचा कोहराम

### हादसा



अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के घुघेरा गांव में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसे में सात वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। अनियंत्रित वैगनआर कार की चपेट में आने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार घुघेरा मजरा हिया गांव निवासी सफीकुल हसन की सात वर्षीय पुत्री एलिजा अपने घर के बाहर स्थित एक साइकिल की दुकान पर साइकिल बनवा रही थी। तभी ककरहिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक वैगनआर कार अनियंत्रित हो गई और सीधे एलिजा के ऊपर चढ़ गई।हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में कासिमपुर इंस्पेक्टर घनश्याम राम ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हरदोई में 'नशे' की बड़ी खेप बरामद: आयुर्वेदिक फैक्ट्री की आड़ में चल रहा था अवैध भांग का खेल!

**एसओजी का आधी रात छापा: ट्रक भर नशीली भांग बरामद, होली पर खपाने की थी तैयारी, कई विभागों की संयुक्त जांच जारी**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में नशे के काले कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी स्ट्राइक की है। शहर कोतवाली इलाके के नघेटा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'ओम आयुर्वेदिक कंपनी' में एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध भांग का एक विशाल जखीरा पकड़ा है। मौके से भांग से लदा एक पूरा ट्रक बरामद हुआ है, जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है।सूचना मिली थी कि फैक्ट्री में निर्धारित मानक और भंडारण क्षमता से कई गुना अधिक भांग डंप की गई है। छापे के दौरान जब अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर खंगाला, तो उनके होश उड़ गए। फैक्ट्री को सीमित मात्रा में आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने के लिए भांग रखने की अनुमति थी, लेकिन मौके पर मिला स्टॉक लाइसेंस की शर्तों की धज्जियां उड़ा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि आगामी होली के त्योहार को देखते हुए नशीले उत्पादों की बड़े पैमाने पर सप्लाई की तैयारी थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल के साथ नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, सीओ सिटी, आबकारी विभाग, एक्साइज, बिजली विभाग, आयुर्वेद और खाद्य एवं औषधि विभाग के आला अधिकारी पहुंच गए हैं। फैक्ट्री के लाइसेंस, बिजली कनेक्शन और स्टॉक का बारीकी से मिलान किया जा रहा है। अधिकारियों ने भांग से लदा ट्रक और अवैध स्टॉक कब्जे में ले लिया है, साथ ही फैक्ट्री में मौजूद कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने साफ कर दिया है कि नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि भारी तादाद में क्षमता से अधिक भांग मिली है, जिसके लिए भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, कई विभागों की टीमें फैक्ट्री के रिकॉर्ड्स खंगालने में जुटी हैं ताकि इस पूरे सिंडिकेट की गहराई तक पहुंचा जा सके।

## शास्त्रीय संगीत की परंपरा का निर्वाह करता है परसोकर होली मिलन

**62 वा फागोत्सव होगा 3 मार्च को**

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय।होली परंपरा में भारतीय शास्त्रीय संगीत की होली गायन की परंपरा भी अपनी एक छाप छोड़ती है। शास्त्रीय संगीत की होली गायन परंपरा शास्त्र सम्मत मानी गई है,जिसका गायन सम्पूर्ण भारत मे होता है।बुंदेलखंड में शास्त्रीय संगीत के साधक भी इस परंपरा का निर्वाह करते आ रहे है। भारतीय शास्त्रीय संगीत में धमार एवं ध्रुपद गायन में राग काफी में दीपचन्दी ताल में गाये जाने वाली परंपरा बिलुप्त के कगार पर है।इसके बाबजूद भी जो पुराने गुरुकुल पद्धति के गुरु अपनी साधना से इस परंपरा का बखूबी निर्वाह कर रहे है। मैहर घराने के प्रसिद्ध संगीतगुरु पं परशुराम पाठक ने बताया कि वह अपने ग्राम खड़ौरा के पास खेरी के परसोकर हनुमानजी पर विगत 61 वर्षों से शास्त्रीय संगीत की होली की परंपरा का निर्वाह करते आ रहे है।हनुमानजी की कृपा से जिन्होंने संगीत की साधना की है,वह अपनी हाजिरी देने यहां होली की परमा को पहुंच जाते है।उन्होंने बताया कि ग्राम खड़ौरा में जब वह बेसिक शिक्षा परिषद में अध्यापक थे तो वह विद्यार्थियों को लेकर यहां होली गायन करने आते थे,उसी परंपरा में जो शिष्य वहां से निकले सभी आज भी आते है।उन्होंने कहा कि जिनको उन्होंने निशुल्क शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी,वह सभी राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे,लेकिन इस परंपरा में अपनी हाजिरी जरूर देते हैं। प्रख्यात सितार वादक पं सरजू शरण पाठक,शास्त्रीय गायक एवं राष्ट्रीय भागवताचार्य पं ब्रजेश त्रिपाठी तबला वादक अखिलेश त्रिपाठी, पखावज वादक गौरीशंकर सिरबैया,आकाशवाणी कलाकार बनमाली वर्मा,चंद्रभान सिंह परमार,बांसुरी वादक भगवत नारायण समाधिया आदि कलाकारों की वर्षों से प्रस्तुति हो रही है। वरिष्ठ कलाकार अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि वह इस कार्यक्रम में प्रारम्भ से ही आ रहे है। खेरी, गुढ़ा, खड़ौरा एवं मथनियाँ के प्रधान भी इस कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए सहयोग करते है।

मा शारदा संगीत विद्यालय के तत्वावधान में 62 वा होली मिलन एवं फागोत्सव का कार्यक्रम खेरी के परसोकर हनुमानजी मंदिर पर 3 मार्च को दिन के 1 बजे से होगा, जिसमें आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के प्रख्यात गायक एवं वादक भाग लेंगे। शास्त्रीय संगीत पद्धति का होली मिलन का बुंदेलखंड का यह पारंपरिक कार्यक्रम वर्षों से चला आ रहा है। उक्त जानकारी कार्यक्रम के आयोजन संगीतगुरु पं परशुराम पाठक ने दी।

## हरदोई। स्वच्छता अभियान पर ताला, लाखों के सामुदायिक शौचालय में ग्रामीणों ने भरे 'कंडे'

**सुरसा के कैरमैर गांव में स्वच्छ भारत मिशन का मजाक, कागजों पर तैनात केयरटेकर डकार रहे मानदेय**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।विकास खंड सुरसा की ग्राम पंचायत कैरमैर में स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी हकीकत दावों से कोसों दूर है। यहाँ गांव में लाखों रुपये की लागत से बना सामुदायिक शौचालय भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ चुका है। स्थिति यह है कि निर्माण के बाद से आज तक इस शौचालय का ताला तक नहीं खोला गया, जिसके विरोध स्वरूप अब ग्रामीणों ने इसे 'उपले (कंडे) रखने का गोदाम' बना दिया है।ग्रामीणों का आरोप है कि शौचालय निर्माण के बाद न तो इसकी चाबी ग्राम पंचायत को दी गई और न ही इसकी देखरेख के लिए कोई इंतजाम किए गए। सबसे बड़ी धांधली यह सामने आ रही है कि सरकारी धन का बंदरबांट करने के लिए कागजों पर एक केयरटेकर की तैनाती दिखाई गई है और नियमित रूप से उसका मानदेय (वेतन) भी निकाला जा रहा है, जबकि धरातल पर कोई भी व्यक्ति ड्यूटी करता नहीं पाया गया। गांव के निवासी राजीव कुमार, अनिल, दीपू, विवेक और विमल ने इस धांधली की लिखित शिकायत संबंधित अधिकारियों से की है। उनका कहना है कि प्रशासन केवल कागजी लक्ष्य पूरे करने में जुटा है, जबकि जनता को योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शौचालय का संचालन शुरू नहीं हुआ और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे बड़ा प्रदर्शन करेंगे।इस मामले में जिले की सीडीओ सान्या छाबड़ा ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सभी सामुदायिक शौचालयों के निरंतर संचालन के स्पष्ट निर्देश हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जहाँ भी ताले बंद होने या संचालन में लापरवाही की शिकायत मिली है, उनकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।सवाल यह उठता है कि क्या केवल ढांचा खड़ा कर देना ही विकास है हरदोई के अधिकांश ग्राम पंचायतों में शौचालय केवल 'शो-पीस' बनकर रह गए हैं,

## जहानाबाद अस्पताल में महिला की मौत मचा हड़कंप

अमनलेखनी समाचार



फतेहपुरे जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र कस्बे अंतर्गत बजाज एजेंसी के समीप एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान अधेड़ महिला की मौत हो जाने पर परिजनों ने हंगामा कर दिया मिली जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी निवासी 50 वर्षीय महिला चुनकी देवी पत्नी सुखराम को अचानक पेट दर्द हुआ जहां मृतका के पुत्र दिलीप ने बताया कि मां को आनन फानन जहानाबाद कस्बे के बजाज एजेंसी के पास स्थापित एक निजी अस्पताल मैं भर्ती किया गया भर्ती करने के पश्चात कुछ समय बाद ही चिकित्सकों के गलत उपचार व गलत इंजेक्शन लगा देने के कारण महिला की मौत हो गई परिजन पीड़ित लोगों ने हंगामा खड़ा किया वहीं पुलिस प्रशासन को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह में मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेने पर बताया कि पीड़ित परिजन द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की पश्चात अंतिम कार्रवाई की जाएगी

## गरौठा: अनुरक्षण कार्य के चलते कल छह घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव




गरौठा, झांसी। 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र गरौठा के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामीण एवं कृषि पोषक उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता रामभवन सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुरक्षण कार्य के दौरान सी.टी., पी.टी. एवं ब्रेकर लगाने का कार्य प्रस्तावित है। इस कारण उपकेन्द्र से जुड़े सभी पोषकों की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान सहयोग बनाए रखें, ताकि कार्य समय पर एवं सुरक्षित रूप से पूर्ण किया जा सके।



**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**




# तांत्रिक जगत के रहस्य को दिखाती है 'चरक'

मुंबई। 'द केरल स्टोरी' फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरक: फेयर ऑफ फेथ'का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआत में दिखाया गया है कि गांव से बच्चे गायब हो रहे हैं। इसके बाद उनके माता-पिता पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करवाने पहुंचते हैं। धीरे-धीरे आगे दिखाई देता है कि अघोरी बाबा, साथ ही कुछ लोग तंत्र-मंत्र से जुड़े होते हैं। आगे दिखाया गया है कि चरक मेले में लोग अंधविश्वास से जुड़े होते हैं तांत्रिक क्रिया करते हैं। लेकिन इस बीच सवाल यही खड़ा होता है कि बच्चे कहां गायब हो रहे हैं और वो कैसे मिलेंगे। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिलाया गया है। टेलर में अंधविश्वाल, तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं और विधाओं के बारे में दिखाया गया है।

लाइफStyle

# रश्मिका दुल्हन के जोड़े में लगीं खूबसूरत



विजय देवरकोंडा के दोस्तों ने सोशल मीडिया पर कुछ साझा की तस्वीरें हैं। कई दोस्त एक तस्वीर में नजर आ रहे हैं और उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया है- 'दूल्हे की टीम।' विरोश की शादी वाला हैशटैग भी इस्तेमाल किया है।विजय और रश्मिका की शादी के जश्न के लिए डीजे गणेश उदयपुर पहुंचे। वह इस शादी में अपने म्यूजिक से समा बांधेंगे।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रश्मिका मंदाना शादी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान वो सिल्क के कपड़ों में दुल्हन के तौर पर नजर आईं। जो पारंपरिक रीति-रिवाजों को दर्शाता है। वो दुल्हन के रूप में काफी खूबसूरत नजर आईं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी की रस्में एक खास कोरियाई ड्रामा से प्रेरित थीम पर आधारित शाम के साथ शुरू हुईं। यह थीम रश्मिका मंदाना के कोरियाई पॉप कल्चर के प्रति प्यार को दर्शाती हैं। रात का मुख्य आकर्षण कोरियाई ड्रामा की थीम पर आधारित एक खास केक था, जिसने समारोह को और भी खास बना दिया। एक ओर जहां फैंस शादी की तस्वीरों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कॉस्ट्यूम डिजाइनर श्रव्या वर्मा ने हल्दी समारोह के दौरान की एक तस्वीर साझा की है। इसमें वो पीले रंग के आउटफिट में चेहरा पर रंग लगाए नजर आ रही हैं। उनके दोनों हाथों पर विरोश का टैग बंधा हुआ है। उनकी तस्वीर देखकर ऐसा लगता है कि हल्दी में जमकर मस्ती की गई है। विजय-रश्मिका की फिल्म 'गीता गोविंदम' के निर्माता बन्नी वसू ने विरोश को शादी की शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मेरे गीता गोविंदम आप दोनों को एक-दूसरे को हमेशा के लिए चुनते देखना बेहद खास है।

हॉलीवुड मसाला




# टेलर-ट्रैविस की जल्द होने वाली है शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकन सिंगर टेलर स्विफ्ट को अपना जीवनसाथी मिल गया है। इसी साल सिंगर अपनें मंगेतर ट्रैविस केल्से से शादी करने वाली हैं। पॉपुलर सिंगर टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्से को अक्सर एक साथ देखा जाता है। कभी यह कपल डेट पर जाता दिखाई देता है। तो कभी मस्ती में झूमता हुआ। मगर अब कपल जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। बीते साल अगस्त में सगाई कर के दोनों ने अपने फैंस को हैरान कर दिया था। सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनिया में हर जगह हैं। उनके गानों और लाइफस्टाइल को दर्शक खासा पसंद करते हैं। अब टेलर जल्द ही अपने चाहने वालों को शादी की खुशखबरी दे सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबित सिंगर ट्रैविस केल्से से 13 जून को शादी के बंधन मे बंधेगीं।



# कॉमेडियन मार्टिन की बेटी कैथरीन ने खुद को मारी गोली!

लॉस एंजिल्स। टीवी शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के एक्टर मार्टिन शॉर्ट की बेटी कैथरीन शॉर्ट का निधन हो गया है। वह 42 साल की थीं। टीएमजे के मुताबिक कैथरीन शॉर्ट ने सोमवार रात हॉलीवुड हिल्स में अपने घर पर खुद को गोली मार ली। पड़ोसियों ने मार्टिन के बारे में पुलिस को खबर दी। इसके बाद इमरजेंसी सर्विस और लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी उनके घर पर पहुंचे। शॉर्ट परिवार ने कैथरीन शॉर्ट के निधन की खबर कन्फर्म की। उन्होंने एक बयान में लिखा 'बहुत दुख के साथ हम कैथरीन शॉर्ट के निधन की पुष्टि करते हैं। शॉर्ट परिवार इस घटना से बहुत दुखी है। इस समय गोपनीयता चाहता है। कैथरीन शॉर्ट सभी की प्यारी थीं। उन्हें दुनिया में लाई गई खुशी के लिए याद किया जाएगा। लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट को सोमवार की शाम को हॉलीवुड हिल्स के एक घर से एक महिला के निधन के बारे में कॉल आया। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने पीपल को कन्फर्म किया कि कॉल एक संभावित सुसाइड के बारे में थी। कैथरीन की मौत मार्टिन शॉर्ट के लिए हाल ही में दूसरा बड़ा नुकसान है। इससे पहले पिछले महीने उनकी पुरानी दोस्त कैथरीन ओ'हारा का निधन हो गया था।



# रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराज हुईं इलियाना


मुंबई। इलियाना डिक्रूज अक्सर ही खुलकर कई मुद्दों पर अपनी राय रखती हैं। हाल ही में उन्होंने सिंगर रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराजगी दिखाई। ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर हॉलीवुड सिंगर रिहाना को सपोर्ट किया। जो लोग प्रेग्नेंसी के बाद उनकी ट्रोलिंग कर रहे थे, उनको इलियाना डिक्रूज ने खूब खरी-खोटी सुनाई। हाल ही में प्रेग्नेंसी के बाद रिहाना अपने बेटे कजर आईं। उनका लुक देखकर कई लोगों ने कहा कि वह क्यों वापस शेप में नहीं आईं। इस बात पर इलियाना नाराज हो गईं। इसलिए इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक पोस्ट किया। वह लिखती हैं, 'उन्होंने एक बच्चा पैदा किया और उस बच्चे को जन्म दिया। उसे हेल्दी रख रही हैं। फिर भी सवाल यह है कि वह अभी तक बाउंस बैक क्यों नहीं कर पाई हैं? यह बहुत गुस्सा दिलाने वाली अवास्तविक उम्मीदें।



# अली अब्बास की नई फिल्म में अहान निभाएंगे लीड रोल

मुंबई। फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी नई एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में अहान पांडे नजर आएंगे, जिनकी पिछली फिल्म सैयारा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह अहान की दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने तक चलेगा। अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान के साथ एक तस्वीर शेयर कर शूटिंग की शुरुआत का ऐलान किया। तस्वीर में अहान ब्लैक आउटफिट और लेदर जैकेट में काफी डैपर नजर आए, वहीं अली अब्बास जफर भी ऑल-ब्लैक लुक के साथ ब्राउन जैकेट में दिखे। यह फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

टीवी मसाला



# तुम से तुम तक ने की जबरदस्त वापसी, अनुपमा तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली। हर हफ्ते टीवी सीरियल्स में टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में टॉप पर आने के लिए घमासान होता है। इस हफ्ते भी कुछ ऐसा ही मामला रहा। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में टॉप 1 में स्मृति ईरानी की अदाकारी वाले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने जगह बनाई है। इस सीरियल को 1.9 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इस सीरियल की रेटिंग 2.0 थी। छठे हफ्ते में भी यह सीरियल पहले स्थान पर था। रेटिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसकी टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते यह सीरियल टॉप 5 में नहीं था। इस हफ्ते इस सीरियल ने जबरदस्त छलांग लगाई है। पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर सीरियल 'अनुपमा' था। इस हफ्ते 'तुम से तुम तक' ने इसे पछाड़ दिया है। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में तीसरे स्थान पर रुपाली गांगुली की अदाकारी वाला टीवी सीरियल 'अनुपमा' है। इस हफ्ते इस सीरियल की टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इस बार चौथे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा माई की बेटिंयां' ने जगह बनाई है। इसकी रेटिंग 1.8 है। इस बार टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में पांचवें स्थान पर टीवी सीरियल 'वसुधा' है। इस हफ्ते इस सीरियल को 1.7 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे स्थान पर था। इसमें प्रिया ठाकुर और अभिषेक शर्मा अहम किरदारों में हैं।

## अंकिता-विक्की ने की भक्तंबर पूजा

नई दिल्ली। गुरुवार को अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ भक्तंबर पूजा करने के बाद आध्यात्मिकता और एकजुटता पर एक नोट साझा किया। अंकिता ने बताया इस पूजा से उन्हें शांति और आशीर्वाद का एहसास हुआ। अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आज हमने भक्तंबर पूजा की। फिर से मुझे लगा कि पति-पत्नी जब साथ में प्रार्थना करते हैं, तो उसकी ताकत बहुत अलग होती है। जब दो लोग मिलकर दिल से ईश्वर को कुछ अच्छा अर्पित करते हैं, तो मन को बहुत शांति मिलती है, दिल शांत हो जाता है और आत्मा को सुकून मिलता है।' अंकिता ने आगे लिखा, 'मैं बहुत खुश और आभारी हूं कि मेरा विवाह ऐसे परिवार में हुआ है, जहां भक्ति और मूल्य वही हैं जिनमें मैं पली-बढ़ी हूं। जब हम सब आध्यात्मिक पलों में एक साथ आते हैं, तो यह अपने आप में बहुत बड़ा आशीर्वाद लगता है। मेरे लिए ईश्वर एक ही है।



# दो और दो पांच के सीक्वल में नजर आएंगे अभिषेक और बॉबी

मुंबई। 1980 की क्लासिक कॉमेडी-एक्शन फिल्म 'दो और दो पांच' के रीमेक को लेकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा है। अब प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने फिल्म की रीमेक को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पहले खबरें आई थीं कि रोहित शेट्टी अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' के लिए इसकी कहानी को अपनाने वाले हैं। हालांकि, उनकी टीम ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया और साफ कहा कि यह जानकारी गलत है। अब इस मामले पर फिल्म प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने खुद सामने आकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि 'दो और दो पांच' के रीमेक के अधिकार उनके पास हैं और फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। दीपक ने बताया कि करीब 10 साल पहले वे इस फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे, जिसमें कुणाल कोहली को निर्देशक के रूप में लेने का प्लान था। उस समय अभिषेक बच्चन और बॉबी देओल को अमिताभ बच्चन और शशि कपूर वाले किरदारों के लिए सोच लिया गया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।




### दीपक के पास है फिल्म का अधिकार

दीपक मुकुट ने यह भी कहा कि वह आज भी अभिषेक और बॉबी को साथ में कास्ट करना पसंद करेंगे, क्योंकि दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री शानदार है। दोनों कलकार पहले 'झूम बराबर झूम और 'प्लेयर्स' में साथ नजर आ चुके हैं। फिलहाल यह तय नहीं है कि नई फिल्म सीधा रीमेक होगी, सीक्वल होगी या सिर्फ प्रेरित कहानी पर आधारित होगी। लेकिन निर्माता ने साफ कर दिया है कि अधिकार उनके पास हैं और उन्होंने ट्रेड मैगजीन में नोटिस भी प्रकाशित कराया है ताकि कोई और इसे रीमेक न कर सके।

# सलमान की भांजी के साथ जमेगी सिद्धांत की जोड़ी



मुंबई। सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने फिल्म 'फर्रे' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अब वे सिद्धांत चतुर्वेदी की हीरोइन बनने वाली हैं। साल 2023 में अलीजेह अग्निहोत्री ने इंडस्ट्री में कदम रखे। वे फिल्म 'फर्रे' में पहली बार नजर आईं। अब वे अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की भांजी की जोड़ी इस बार पर्दे पर सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जमने की खबर है। दोनों सितारे विकास बहल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विकास बहल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अलीजेह और सिद्धांत को साइन किया है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है। 'फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी यानी पंजाब से भी जुड़े थे, लेकिन साथ ही वहां की विदेशी संस्कृति में भी रच-बस रहे थे'। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक का लुक और डांस क्लबों का माहौल देखने को मिलेगा। साथ ही यह भी देखने को मिलेगा की पंजाबी म्यूजिक के दुनियाभर में लोकप्रिय होने के पीछे किस तरह का संघर्ष रहा है और जुनून रहा है। अलीजेह फिल्म में सिंगर के रोल में नजर आएंगी। बता दें कि अलीजेह, अलवीरा खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इसी के साथ इस फिल्म को लेकर और अधिक जानकारी का इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग इस साल की दूसरी छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। अगर यह फिल्म बनती है तो विकास बहल के साथ सिद्धांत की यह दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले सिद्धांत ने निर्देशक की रोमांटिक कॉमेडी 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में साथ काम किया है, जो इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस बीच बात करें सिद्धांत के वर्क फ्रंट की तो वे अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वे मृणाल ठाकुर के साथ नजर आए हैं। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर रही है।



## थिएटर के बाहर तैनात एम्बुलेंस, हॉलीवुड ने की थी मदद

# बॉलीवुड फिल्म जिसे अकेले देखने पर था 10 हजार रुपए का इनाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ये कहानी है हॉरर फिल्मों की दुनिया में उस सफल और सबसे डरावनी कही जानेवाली उस फिल्म की, जिसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ने रख दी थी बड़ी शर्त। कहते हैं कि डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा कर दी थी की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे और हॉल के बाहर लगा रखा था एम्बुलेंस। रामसे ब्रदर्स की पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) ऐसी हॉरर फिल्मों की लिस्ट में रही हैं जिसने लोगों को जितना ही डराया, उतनी ही इन फिल्मों ने कमाई भी की। ये फिल्में काफी कम बजट में बनी, लेकिन इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल रहीं। इन सभी फिल्मों में से जिस फिल्म ने लोगों का गला सबसे अधिक सुखाया वो थी 'दरवाजा' जो साल 1978 में रिलीज हुई थी।

### लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी

रामसे फैमिली की तीसरी पीढ़ी दीपक रामसे और अमित रामसे ने 'दरवाजा' की कहानी को याद किया। एक बातचीत में दीपक ने बताया, 'आजकल आपके पास मेकअप के कई ऑप्शन मौजूद हैं। उस समय, बहुत कम ऐसे मेकअप आर्टिस्ट थे जो वास्तव में डरावना मेकअप करना जानते थे। सितारे अपने चेहरे पर चोट लगने पर भी सुंदर दिखना पसंद करते थे, जबकि रामसे की कहानी में लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी था।'




### किसी ने भी अकेले देखने की हिम्मत नहीं की

उन्होंने बताया कि हालांकि, इससे उनका बजट थोड़ा बढ़ गया था, लेकिन फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई हुई। फिल्म की सफलता को याद करते हुए दीपक ने कहा, 'आप इसे प्रमोशन का तरीका कह सकते हैं, लेकिन एक डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे। सिनेमाघर के बाहर एम्बुलेंस भी खड़ी कर दी गई थी। फिल्म इतनी सफल रही थी। लेकिन किसी ने भी इसे अकेले देखने की हिम्मत नहीं की।'

**क्रिस्टोफर टकर से किया संपर्क :** उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय मेकअप आर्टिस्ट थे, लेकिन हमें लंदन से भी मेकअप आर्टिस्ट बुलाना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'हमने क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया था।' उन्होंने आगे बताया, 'कुमार जी और तुलसी जी उनसे लंदन में मिले और समझाया कि हमारा बजट बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन हमें उनकी स्पेशलिटी की जरूरत है। वे हमारी सीमाओं के भीतर काम करने के लिए सहमत हो गए और उन्होंने फिल्म दरवाजा के लिए मेकअप भेजा। हमने उन्हें पाउंड में भुगतान किया।'

### दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर रामसे ब्रदर्स का रहा दबदबा

हॉरर फिल्मों के सच्चे शौकीन रामसे ब्रदर्स की कहानियों के फैन न हों ऐसा संभव नहीं। 'महल' (1949) जैसी क्लासिक फिल्मों और 1960 के दशक की कुछ हॉरर फिल्मों जैसे 'बीस साल बाद' (1962), 'गुमनाम' और 'भूत बंगला' (1965) जैसी तमाम फिल्मों के साथ रामसे ब्रदर्स ने करीब दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर अपना दबदबा बनाए रखा।

### कम बजट की फिल्में रहीं खूब सफल

कम बजट में बनी उनकी कई फिल्में पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) आदि बॉक्स ऑफिस पर खूब सफल रहीं। हालांकि, सबसे पहले फिल्म 'दरवाजा' को लेकर काफी चर्चा रही थी। इस फिल्म के लिए तुलसी रामसे और श्याम रामसे (रामसे बदर्स) ने इंटरनैशनल मेकअप आर्टिस्ट क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया। कहते हैं कि ये फिल्म इतनी बड़ी हिट हुई कि डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दर्शकों को खुलेआम चुनौती दी थी कि अगर वे इसे अकेले थिएटर मे देखने की हिम्मत दिखाए तो उसे 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।'